卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 161 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦19 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया


darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## आग की भेंट चढ़ी तीन दुकानें

### देर रात अग्निकाण्ड से मचा हड़कम्प, 50 लाख से अधिक नुकसान का अनुमान

रामनगर(उद संवाददाता)। काशीपुर रोड स्थित पीरूमदारा में देर रात स्पेयर पार्टस की तीन दुकानें आग की भेंट चढ़ गयी। इस दौरान दुकान के बाहर खड़ी एक स्कूटी और तीन बाईकें भी आग में चलकर खाक हो गयी। सूचना पर दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग को काबू किया। अग्नि काण्ड में पचास लाख से अधिक की क्षति का अ नुमान है। जानकारी के मुताबिक पीरूमदारा निवासी सतपाल की काशीपुर रोड हाईवे पर स्पेयर पार्टस और वर्कशॉप की तीन दुकानें हैं। सोमवार देर रात दुकानों में आग भड़क गयी। पड़ोस के लोगों को जब आग लगने की जानकारी मिली तो उन्होंने दमकल विभाग और दुकान स्वामी को सूचना दी। जब तक दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू किया। तब तक दुकान में रखा सारा सामान आग की भेंट चढ़ चुका था। साथ ही दुकान के बाहर खड़ी एक स्कूटी और तीन बाईकें भी आग की भेंट चढ़ गयी। दुकान स्वामी के मुताबिक अग्नि काण्ड में पचास लाख से अधिक की क्षति पहुंची है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। माना जा रहा है कि आग शॉट सर्किट के कारण लगी है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।





## उड़नदस्ता टीम ने कार में पकड़ी सात लाख की नगदी

देहरादून(उद संवाददाता)। निर्वाचन आयोग की ओर से गठित उड़न दस्ता और नागरिक पुलिस की टीमें सघन जांच में जुट गई हैं। मादक पदार्थ व नकदी आदि के परिवहन पर नजर रखी जा रही है। मजिस्ट्रेट मनोज कुमार के नेतृत्व में टीम ने कैनाल रोड पर एक कार से सात लाख रुपये की नकदी बरामद की। कार सवार व्यक्ति द्वारा नकदी के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर इसे जब्त कर लिया गया। लोक सभा सामान्य निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता के सख्ती से अनुपालन कराने के लिए शहर में सक्रिय उड़न दस्ता व राजपुर थाना पुलिस ने सोमवार शाम को कैनाल रोड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने एक एक्सयूवी कार को रोककर चेकिंग की तो उसमें सात लाख रुपये कैश बरामद हुआ। वाहन चालक धनराशि के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जिस पर मजिस्ट्रेट मनोज (शेष पृष्ठ सात पर)



## सपा नेत्री रेखा यादव ने दिया इस्तीफा,भाजपा में होंगी शामिल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है। विगत कई वर्षों से समाजवादी पार्टी से जुड़ी समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव डा. रेखा यादव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। आज शाम वह भाजपा में शामिल होंगी। बता दें रेखा यादव करीब एक दशक पूर्व से समाजवादी पार्टी के लिए काम कर रही थी। उन्होंने सपा में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। वर्तमान में वह सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव पद पर काम कर रही थी। लोकसभा चुनाव की तेज हो रही सरगर्मियों के बीच डा. रेखा यादव ने अचानक अपने पद और पार्टी से इस्तीफा देकर पार्टी को बड़ा झटका दिया है। सपा नेत्री ने अपने इस्तीफे का कारण व्यक्तिगत बताया है। सूत्रों के मुताबिक डा. रेखा यादव आज शाम भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनाव कार्यालय के शुभारम्भ के मौके पर वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता लेंगी।



## भाजपा ने किया नामांकन की तिथियों का ऐलान

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा ने अपने लोकसभा प्रत्याशियों के नामांकन की तिथियों का ऐलान कर दिया है। नामांकन 22 से 27 मार्च तक होंगे। सभी प्रत्याशियों के नामांकन में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी मौजूद रहेंगे। साथ ही इन कार्यक्रमों में केंद्रीय नेताओ की भी मौजूदगी हो सकती है। 22 मार्च को अल्मोड़ा के लिए नामांकन किया जायेगा। हरिद्वार सीट पर 23 मार्च को त्रिवेंद्र सिंह रावत ऑनलाइन नामांकन करेंगे। इसके बाद एक बड़ा कार्यक्रम होगा। 26 मार्च को गढ़वाल पर नामांकन किया जायेगा। जबकि 27 मार्च को नैनीताल सीट और टिहरी गढ़वाल के लिए नामांकन होगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को लोकसभा चुनाव प्रबंधन की बैठक हुई थी। इस दौरान नामांकन के साथ ही चुनाव प्रचार और बड़े नेताओं की रैलियों को लेकर चर्चा हुई। बैठक के दौरान चुनाव प्रचार में तेजी लाने के साथ ही हर वर्ग से संपर्क के निर्देश दिए गए। बैठक में तय हुआ कि चुनाव प्रचार में प्रदेश संगठन के साथ ही बूथ और पन्ना स्तर तक समन्वय बनाने और बूथ स्तर पर छोटी छोटी बैठकों का आयोजन किए जाएंगे। धामी सरकार के (शेष पृष्ठ सात पर)



## नशेड़ी पति से तंग आकर पत्नी ने गटका विषाक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पति के पिछले काफी समय ने नशे के चंगुल फंसने के कारण एक महिला ने गत रात्रि घर में रखा विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया गया। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। ट्रांजिट कैम्प निवासी महिला का पति नशे का आदी है।उसे एक नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती कराया गया है। पति की गैरमौजूदगी में महिला मजदूरी कर अपने तीन छोटे बच्चों का भरण पोषण कर रही है।जिससे उसके समक्ष जीवन (शेष पृष्ठ सात पर)

## नाबालिग से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब डेढ़ माह पूर्व नाबालिग लड़की को घर से बहला फुसलाकर ले जाकर उससे बलात्कार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र की निवासी एक नाबालिग लड़की को जेपी नगर फुलसुंगा ट्रांजिट कैम्प निवासी युवक गत 31 जनवरी की सायं उसके घर से बहला फुसला कर अगवा कर ले गया था। खोजबीन के दौरान लड़की के परिजनों को पता चला कि (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक किलो चरस के साथ तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को कार में अवैध चरस ले जाते गिरफ्तार कर लिया। खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के ने बताया कि थाना प्रभारी भारत सिंह व एसओजी प्रभारी संजय पाठक के नेतृत्व में उप निरीक्षक कौशल भाकुनी, उपनिरीक्षक अरविन्द बहुगुणा, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र रिंगवाल तथा उपनिरीक्षक ललित चौधरी साथी पुलिस कर्मियों हेड कांस्टेबल भुवन पाण्डेय, कांस्टेबल राजेन्द्र कश्यप, संतोष रावत, पंकज सजवान आगामी लोकसभा चुनावों के परिप्रेक्ष में अवैध शराब, नकदी, शस्त्र आदि के परिवहन की धरपकड़ हेतु चौकी आवास विकास से अटरिया पुलिया पर आने जाने वाले वाहनों को रुकवाकर (शेष पृष्ठ 7पर)



## नशे के कैप्सूल और इंजेक्शनों के साथ महिला गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना पुलिस ने नश के इंजेक्शन और कैप्सूलों के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर पुलिस टीम गैरकानूनी कार्यो में लिप्त लोगों की टोह ले रही थी इसी दौरान उसने चैती गांव थाना आईटीआई निवासी मधु ठाकुर पत्नी स्वर्गीय दिलीप ठाकुर को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से प्रतिबंधित डायजेपाम के 93 इंजेक्शन तथा कैरीसॉस 1 के 239 कैप्सूल बरामद किए। प्रतिबंधित दवाइयां के बारे में पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर महिला कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। पुलिस ने गिरफ्तार महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अभियुक्ता को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक महिला लम्बे समय से नशे के कारोबार में लिप्त रही है।

## ‘मैदान’ में होगा भाजपा का असल ‘इम्तिहान’

### भाजपा के लिए मैदान नहीं आसान, हारी हुई चौदह विधानसभा सीटों पर बेहतर प्रदर्शन दरकार

-अर्श-

रूद्रपुर। सूबे के मैदानी क्षेत्र की दोनों ही लोकसभा सीटों क्रमश: हरिद्वार एवं नैनीताल –उधम सिंह नगर पर भले ही भाजपा ने कांग्रेस से पहले अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी हो और आर्थिक संसाधनों, कार्यकर्ताओं की फौज एवं बूथ लेवल तक की पुख्ता चुनावी तैयारियों की बदौलत फिलहाल कांग्रेस पर भारी पड़ती दिखाई देती हो ,लेकिन आगामी आम चुनाव में भाजपा के लिए मैदान मारना आसान नहीं होगा।वह इसलिए ,क्योंकि विधानसभा चुनाव में भाजपा मैदान की दोनों लोकसभा सीटों के चौदह विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस एवं बसपा से पराजित हो गई थी।लिहाजा प्रस्तावित आम चुनाव में इन विधानसभा क्षेत्र में वोटो के अंतर को कम करना भाजपा के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।याद दिलाना होगा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को नैनीताल लोकसभा के अंतर्गत आने वाली हल्द्वानी, जसपुर, बाजपुर, किच्छा, नानकमत्ता एवं खटीमा तथा हरिद्वार लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली ज्वालापुर, भगवानपुर, झबरेड़ा, पिरान कलियर, खानपुर ,मंगलौर लक्सर एवं हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा सीट पर पराजय का सामना करना पड़ा था। इनमें से हरिद्वार जिले की पिरान कलियर सीट पर भाजपाई हार का अंतर तकरीबन 15 हजार वोटों का था। इसके अलावा खानपुर एवं मंगलौर विधानसभा सीट पर भाजपा तीसरे स्थान पर रही थी। जबकि हरिद्वार संसदीय क्षेत्र की अन्य हारी हुई सीटों पर हार का अंतर एक हजार से लेकर 10 हजार तक रहा था।साथ ही नैनीताल और नगर उधम सिंह नगर जिले की हारी हुई विधानसभा सीटों पर भी भाजपा दो से 10 हजार तक के अंतर से पीछे रह गई थी। इसमें दो राय नहीं कि विधानसभा व लोकसभा चुनाव में माहौल और मुद्दे पूरी तरह अलग होते हैं और विधानसभा चुनाव के नतीजे सामान्यतया लोकसभा चुनाव पर प्रभाव नहीं डालते ,पर भाजपा के रणनीतिकार किसी भी स्तर पर जोखिम नहीं लेना चाहते। इसलिए इन विधानसभा सीटों पर खास फोकस करने की रणनीति तैयार की गई है। जिसके तहत भाजपा ने मैदानी जिले के सभी बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 मत अधिक हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके पीछे का असल मकसद हारी हुई विधानसभा क्षेत्र में वोट बढ़ाने का है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि यदि एक बूथ पर पिछली बार से 370 मत ज्यादा मिल जाए , तो विधानसभा चुनाव में मिली हार को जीत में बदलने में कोई विशेष कठिनाई नहीं होगी। यद्यपि भाजपा पहाड़ और मैदान सहित समूचे उत्तराखंड में 75% से अधिक वोट हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित करके पहले से ही इस दिशा में आगे बढ़ रही है ,तथापि मैदानी क्षेत्र की उन सीटों के प्रति भाजपाई नेतृत्व बेहद गंभीर है जिनमें भाजपा को विधानसभा चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा था। पार्टी सूत्र बताते हैं कि भाजपा ने मैदान के लिए एक खास रणनीति तैयार की है। इसके तहत आने वाले दिनों में पार्टी के शीर्ष नेताओं की आमद इस क्षेत्र में अपेक्षाकृत अधिक होगी और मैदानी क्षेत्र में बड़े नेताओं की रैली और जनसभाएं ज्यादा देखने को मिलेंगी।इसके अतिरिक्त भाजपा ने मैदान में संगठन को और अधिक चुस्त दुरुस्त बनाया है। (शेष पृष्ठ सात पर)



# पांचों सीटों पर होगी रिकार्डतोड़ विजय : धामी

## भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में नामांकन और प्रचार कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों के नामांकन 22 से 27 मार्च के बीच हो सकते हैं। सभी प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी मौजूद रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि मंगलवार को नामांकन की तिथियां घोषित हो जाएंगी। इन कार्यक्रमों में पन्ना स्तर तक समन्वय बनाने और बूथ स्तर पर छोटी छोटी बैठकों का आयोजन किए जाएंगे। धामी सरकार के दो साल पूरे होने, अगले माह 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर भी निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष के मुताबिक लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत होने



केंद्रीय नेताओ की भी मौजूदगी हो सकती है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को लोकसभा चुनाव प्रबंधन की बैठक हुई। इस दौरान नामांकन के साथ ही चुनाव प्रचार और बड़े नेताओं की रैलियों को लेकर चर्चा हुई। बैठक के दौरान चुनाव प्रचार में तेजी लाने के साथ ही हर वर्ग से संपर्क के निर्देश दिए गए। बैठक में तय हुआ कि चुनाव प्रचार में प्रदेश संगठन के साथ ही बूथ और वाली प्रधानमंत्री व अन्य शीर्ष नेताओं की रैलियों के लिए सभी लोकसभाओं से रिपोर्ट मांगी गई है। मंगलवार तक यह सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी जाएगी। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि पीएम मोदी उत्तराखंड को एक परिवार की तरह मानते हैं। लिहाजा अब हम सभी का दायित्व है कि अपने परिवार के संरक्षक को रिकॉर्ड मतों से सभी पांचों सीट जीतकर दें। धामी ने कहा कि राज्य के लोगों में मोदी जी को फिर से पीएम बनाने को लेकर जबरदस्त उत्साह है। मोदी का उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता है । हाल के दिल्ली दौरे पर पूछे सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की कई योजनाएं विभिन्न मंत्रालयों में मंजूर हुई हैं उन योजनाओं के संदर्भ में वह दिल्ली गए थे। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्होंने अप्रैल के बाद भी राज्य को निर्बाध बिजली सुनिश्चित करने के संदर्भ में अनुरोध किया है। बैठक में प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, महामंत्री संगठन अजेय कुमार, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, सांसद अजय टम्टा और माला राज्यलक्ष्मी शाह आदि मौजूद रहे।

## चुनाव नहीं लड़ रहे, भाजपा में आ रहे लोग : दुष्यंत

देहरादून। भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कांग्रेस पर तंज किया। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष की कमर टूट चुकी है और उसे उम्मीदवार तक नहीं मिल पा रहे हैं। उनके लोग चुनाव लड़ने से मना कर रहे हैं। पार्टी मिलेगी। मोदी जी का संकल्प है जिसने गरीब के पैसे को लूटने का काम किया है और गरीब उन्नति रोकने का काम किया है। उसका स्थान जेल में होगा। पार्टी की चुनावी तैयारी के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2019 में जब तक दासता की कोई निशानी न रहे। आत्मनिर्भर भारत हो। दूसरी विचारधारा इंडिया गठबंधन की है, जो कहते हैं कि दक्षिण का एक देश अलग देश बनना चाहिए। भगवान राम थे ही नहीं। शक्ति को मिटा देंगे। मंदिरों में लड़कियां छेड़ने



कार्यालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत में गौतम ने कहा कि उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर सीट को पांच लाख के अंतर से जीतने की संकल्प लिया है। पार्टी कार्यकर्ता इस संकल्प को पूरा करने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब उन्होंने कहा कि जो भी गुनाहगार होगा, उसे सजा चुनाव जीता था, उसी दिन से 2024 का टारगेट बना लिया था। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे नेताओं के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर गौतम ने कहा कि आज देश के अंदर दो विचारधारों के बीच ध्रुवीकरण हो रहा है। एक विचारधारा राष्ट्रवाद, संस्कृति और संस्कारों को आगे बढ़ाने वाली है। 2047 के लिए जाते हैं। राम-रावण का युद्ध हुआ ही नहीं। इनको हम कुचल देंगे। टुकड़े-टुकड़े गैंग को समर्थन करने वाले लोग हैं, वो कहीं न कहीं ऐसे चैनल से चल रहे हैं, जिनकी पाकिस्तान में वाह-वाही की जाती है। आज देश में मोदी के नेतृत्व में जाना मंजूर किया है। लोग भाजपा में आ रहे हैं।

# हरिद्वार सीट पर अड़े माहरा, खुद चुनाव लड़े हरदा !

## उत्तराखंड में कांग्रेस नेताओं की बगावत के बीच दो सीटों पर माथापच्ची जारी, आज होंगे प्रत्याशी घोषित

देहरादून(उद संवाददाता)। पांच लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों का एलान कर भाजपा अब नामांकन की तैयारी में जुट गई है। उधर कांग्रेस में कई नेताओं की बगावत के बीच हरिद्वार और नैनीताल लोकसभा सीटों पर टिकट को लेकर माथापच्ची जारी है। दोनों सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर केंद्रीय चुनाव समिति की सोमवार को तय बैठक टाल दी गई। अब मंगलवार को बैठक होगी, जिसमें दोनों सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है। इसके चलते भाजपा की तुलना में कांग्रेस प्रचार में पिछड़ रही है। हरिद्वार संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रचार के लिए मोर्चा संभाल लिया है। उधर गढ़वाल संसदीय सीट पर अनिल



बलूनी भी प्रचार में उतर गए हैं, लेकिन कांग्रेस में हरिद्वार और नैनीताल सीट पर प्रत्याशियों के नामों को लेकर सहमति नहीं बन रही है। आपसी खींचतान के कारण केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों सीटों पर टिकट प्रतीक्षा में रख दिया है। हरिद्वार सीट से पूर्व सीएम हरीश रावत अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए टिकट मांग रहे हैं, जबकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा इस बात पर अड़े हैं कि यहां से हरीश रावत खुद चुनाव लड़े या फिर उन्हें मौका दिया जाए। नैनीताल सीट पर कई दावेदार होने से आपसी खींचतान चल रही है। यहां से यशपाल आर्य, भुवन कापड़ी, महेंद्र पाल, रणजीत रावत, प्रकाश जोशी के नामों की चर्चा है। इन नामों में यशपाल आर्य के नाम पर तकरीबन सहमति है, पर आर्य चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं बताए जा रहे हैं। हालांकि पार्टी में एक बड़ा वर्ग नैनीताल-ऊधम सिंह नगर सीट के जातीय समीकरण और भाजपा के प्रतिद्वंदी से मुकाबले के हिसाब से आर्य या फिर करन माहरा को मजबूत प्रत्याशी के तौर पर देख रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बताया कि पार्टी की ओर से पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर चुनावी तैयारी चल रही है। दो सीटों पर प्रत्याशी तय न होने से प्रचार में देरी हो रही है। 19 मार्च को दोनों सीटों पर प्रत्याशी घोषित होने की संभावना है। पार्टी हाईकमान जिसे भी टिकट देगी, उसकी जीत के लिए कार्यकर्ता पूरी मेहनत से चुनाव में काम करेंगे।

## निजी स्वार्थों के लिए पार्टी छोड़ रहे मौकापरस्त : माहरा

देहरादून। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए बदरीनाथ से विधायक रहे राजेंद्र भंडारी को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने मौका परस्त करार दिया। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि पार्टी के कई नेता भाजपा में गए हैं, लेकिन राजेंद्र भंडारी जैसा मौका परस्ती का उदाहरण कोई और दे नहीं सकता है। उनकी पत्नी पर भाजपा ने कई आरोप लगाए थे। उन पर विजिलेंस जांच भी चल रही है। उन्होंने अपनी प्रतिष्ठा को बचाने के लिए ऐसा किया है। उनके ऊपर कई तरह के दबाव थे, हो सकता है वह इसलिए ही पार्टी से गए हों। भाजपा के मिशन लोटस में इसके कई उदाहरण हैं। अन्य जगहों पर भी ऐसे कई नेता थे जिन पर कई मुकदमे थे बाद में वह बीजेपी में चले गए। उन्होंने तंज कसा कि बीजेपी की वॉशिंग मशीन में सब धुल-धुल कर पवित्र होने की कोशिश कर रहे हैं। सबके निजी स्वार्थ हैं, इसलिए वह जा रहे हैं। लेकिन अब जनता इसका जवाब देगी। ये बीजेपी का चाल चरित्र और चेहरा है जो सबके सामने जाहिर हुआ है। अब जैसे ही कांग्रेस की सरकार आएगी तो दोबारा इन मामलों को खोला जाएगा। जिन्होंने भी राज्य के साथ धोखा किया है, अनियमित्ताएं की हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

## बलूनी ने कोटद्वार में निकाला भव्य रोड शो

कोटद्वार। उत्तराखंड में आगामी 19 अप्रैल को मतदान होना है। इससे पहले भाजपा ने कमर कस ली है। पौड़ी गढ़वाल सीट से भाजपा के प्रत्याशी अनिल बलूनी ने कोटद्वार में सोमवार को भव्य रोड शो निकाला। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता जुटे। वहीं जनसभा में अनिल बलूनी ने कोटद्वार की जनता को विश्वास दिलाया कि कण्वाश्रम का विकास अयोध्या की तर्ज पर किया जाएगा। इसके विकास के लिए राष्ट्रीय प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह लंबे चौड़े भाषण का शौकीन नहीं है बल्कि क्षेत्र में विकास कार्यो को धरातल पर उतारने



के लिए काम करते है। वहीं रोड शो में भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भारी मतों से विजस हासिल करने के लिए प्रचार अभियान में जूटें। इस दौरान हरिद्वार से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, मनीष खंडूड़ी, कोटद्वार विधायक ऋतु खंडूरी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने रोड शो में प्रतिभाग किया।

## मंहगाई, बेरोजगारी से जूझ रहे लोग: गणेश

चमोली। उत्तराखंड में गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल आज सोमवार को नारायणबगड़ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यहां रोड शो किया। उन्होंने जनता से संपर्क कर समर्थन देने की अपील की। इस दौरान मुख्य बाजार में उनके समर्थन में आयोजित की गई जनसभा में गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आम आदमी मंहगाई, बेरोजगारी जैसी तमाम समस्याओं से जूझ रहा है। मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर पहाड़ के युवाओं के सेना में जाने के सपने को चकनाचूर किया है। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने परखाल तिराहे पर गाजे



बाजे के साथ गोदियाल का स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता बिजेन्द्र रावत, राकेश चमोली, देवराज रावत, संदीप पटवाल, गिरीश कण्डवाल, पूर्व प्रमुख अंशी नेगी, खेमराम कोठियाल, लक्ष्मण लाल टम्टा, प्रेम सती, धीरेंद्र रौतेला, दिनेश सती समेत बडी संख्या मेंपार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेन्द्र रावत ने किया।

## चुनाव प्रचार सामग्री हटाई, चेकिंग अभियान तेज

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू होने के बाद 40 हजार से अधिक सरकारी और निजी संपत्तियों से चुनाव प्रचार सामग्री हटा दी गई है। वहीं, प्रदेशभर में नकदी, शराब व अन्य के प्रचलन पर रोक लगाने के लिए चेकिंग अभियान चल रहा है। सोमवार को प्रेस वार्ता में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने बताया, प्रदेशभर में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद कार्रवाई की जा रही है। राजनीतिक दलों के साथ राज्य स्तर व जिला स्तर पर बैठक हो चुकी हैं। उन्हें आचार संहिता के सभी नियम-कानून बता दिए गए हैं। 17 मार्च तक प्रदेशभर में 40 हजार संपत्तियों से चुनाव प्रचार सामग्री हटाई गई है। बताया, सात करोड़ रुपये कैश व अन्य सामग्री आचार संहिता से पहले जब्त की जा चुकी हैं। अब प्रदेशभर में कार्रवाई चल रही है। चेकिंग बड़े पैमाने पर हो रही है। सीमावर्ती इलाकों से आने वाले वाहनों पर नजर रखी जा रही है। पड़ोसी राज्यों के जिलों के पुलिस कप्तान के साथ मिलकर समन्वय बनाया गया है। सात करोड़ कैश व अन्य सामग्री सीज की गई है। इसमें हरिद्वार में 3.78 करोड़, नैनीताल में 35 लाख, ऊधमसिंह नगर में 2.33 करोड़, पिथौरागढ़ में 15 हजार, बागेश्वर में 1.8 लाख, चंपावत में 2.6 लाख, चमोली में 1.7 लाख, उत्तरकाशी में 26 लाख, देहरादून में 30 लाख रुपये से ऊपर कैश या अन्य सामग्री सीज की गई है।

## चुनाव आयोग ने गृह सचिव शैलेश बगोली को हटाया

देहरादून। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तराखंड के गृह सचिव शैलेश बगोली को हटा दिया है। इस संबंध में आयोग का पत्र मुख्य सचिव को मिल गया है। अब नए गृह सचिव के लिए राज्य के पैनल की ओर से तीन नामों का प्रस्ताव आयोग को भेजा जाएगा। जिसके बाद आयोग नए गृह सचिव पर निर्णय लेगा। आईएएस अधिकारी शैलेश बगोली सचिव गृह के साथ ही कारागार व मुख्यमंत्री के सचिव की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी गृह विभाग की होती है, लेकिन चुनाव के दौरान गृह विभाग की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। बताया जा रहा कि गृह सचिव शैलेश बगोली को हटाने का एक कारण ये भी है कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भी सचिव हैं। मुख्यमंत्री का सचिव या प्रमुख सचिव किसी भी आम चुनाव में ऐसे पद पर नहीं रह सकता, जो चुनाव प्रक्रिया से सीधे जुड़ा हो। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने बताया, चुनाव आयोग से इस संबंध में आदेश आ चुका है। उन्होंने बताया, अब राज्य स्तरीय पैनल की ओर से नए सचिव गृह के लिए तीन नामों की संस्तुति केंद्रीय चुनाव आयोग को भेजी जाएगी। जिनमें से किसी एक का चयन आयोग बतौर गृह सचिव करेगा।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# कच्ची शराब के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में कुंडेश्वरी एवं टांडा उज्जैन पुलिस का अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। दोनों ही चौकी क्षेत्र में पुलिस के लगातार अभियान से अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कंप देखा जा रहा है। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एस आई संतोष कुमार देवरानी एवं कांस्टेबल मुकेश कुमार ने दो अलग-अलग स्थानों से अवैध कच्ची शराब के दो तस्करों को दबोचकर तलाशी में उनके कब्जे से कुल 55 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि प्रभारी चौकी राजेंद्र प्रसाद हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान उन्होंने कुंडेश्वरी गांव स्थित अंबेडकर बारात घर के समीप संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए कुंडेश्वर काशीपुर निवासी नीतू कौर पत्नी मंगल सिंह को शक के आधार पर पकड़ कर तलाशी में उसके कब्जे से 75 पाउच (25 लीटर) कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह कुंडेश्वरी चौकी में तैनात एस आई संतोष कुमार देवरानी ने गढ़वाल ब्लॉक की ओर जाने वाले मार्ग पर चहल कदमी कर रहे एक शख्स को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 60 पाउच (30 लीटर) अवैध कच्ची शराब बरामद किया। ऐसे ही टांडा उज्जैन पुलिस चौकी में तैनात दारोगा कंचन कुमार पलडिया ने हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त के दौरान ढकिया गुलाबो रोड स्थित पार्कर स्कूल के पास से ढकिया गुलाबो टांडा उज्जैन निवासी बिट्टू सैनी पुत्र बुद्धाराम कोशक के आधार पर पकड़कर 37 पाउच लगभग 12 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। गिरफ्तार तीनों शराब तस्करों से पुलिस द्वारा जरूरी पूछताछ के बाद उनका धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। **पैगा चौकी क्षेत्र में नहीं थम रहा गोरखधंधा :** संसदीय चुनावों के दृष्टिगत जहां एक और पुलिस जरायम कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलाए हुए हैं वहीं आईटीआई थाना अंतर्गत पैगा चौकी क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के दर्जनों अड्डे आबाद है। चौकी क्षेत्र के कुछ गांवों में अवैध कच्ची शराब का गैर कानूनी कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में फल फूल रहा है। नशे की बढ़ते चलन के कारण जहां युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार में होता जा रहा है वहीं दूसरी ओर मजदूर तबके के असंख्य परिवार कच्ची शराब के कारण भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं।

# प्रेमी युगल ने गटका जहर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी और प्रेमिका ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्रेमिका की मौत हो गई जबकि प्रेमी की हालत गंभीर बनी हुई है। बरेली रोड अब्दुल्ला बिल्डिंग निवासी 34 वर्षीय लता पत्नी राकेश गुप्ता का प्रेम प्रसंग इंदिरा नगर निवासी वसीम नमक युवक से 2023 चल रहा था दोनों ने ही पहले से शादीशुदा थे। उसके बावजूद दोनों ने साथ जीने मरने की कसम खाई और बीते सोमवार को दोनों प्रेमियों ने विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया हालत बिगड़ने पर परिजन दोनों को सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए जहां लता को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जानकारी जुटाई। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि मृतका के तीन बच्चे हैं। उसका पति यहां किराए के मकान में रहता है और रिक्शा चलाने का कार्य करता है वहीं उन्होंने बताया कि वसीम की हालत गंभीर बनी हुई है। वसीम इंदिरा नगर सबरी मस्जिद के पास रहता है। पुलिस ने वसीम उसकी पत्नी फिरदौस तथा एक अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है पुलिस ने लता की शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।

# सड़क हादसे में जीजा साले की मौत

खटीमा। कोतवाली क्षेत्र के आलावृद्धि गांव के पास सोमवार देर शाम रेता से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साले की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया है, जबकि चालक फरार हो गया। पचपेड़ा निवासी सचिन सिंह राणा (35) पुत्र जय सिंह राणा नौगवांनाथ स्थित अपनी ससुराल आए थे। शाम को वह अपने साले नौगवांनाथ निवासी सुरेश सिंह राणा (30) पुत्र दया शंकर के साथ बाइक से सब्जी लेने के लिए बघियाघाट गए थे। देर शाम दोनों सब्जी लेकर नौगवांनाथ की ओर लौट रहे थे। तभी बघियाघाट-आलावृद्धि मार्ग पर रेता लेकर आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस से दोनों को खटीमा उप जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नौगवांनाथ के ग्राम प्रधान मदन सिंह ने बताया कि उनका भतीजा सुरेश विवाहित था और पेंटर का काम करता था। जबकि उनका दामाद सचिन रुद्रपुर सिडकुल में नौकरी करता था। वह अपने पीछे पत्नी ज्योति और पांच साल की पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गए। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली दीया गांव से आ रही थी। सीओ विमल रावत ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# क्रय किए प्लॉट पर कब्जा करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता )। एक व्यक्ति द्वारा क्रय किए प्लॉट पर अन्य व्यक्ति द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाते हु भू स्वामी ने पुलिस से शिकायत की ही। ओम प्रकाश उपाध्याय पुत्र अमर नाथ उपाध्याय निवासी एलायन्स कॉलोनी का कहना है कि उसका एक भूखण्ड ग्राम कोलड़ा (पाम ग्रीन) में है। भूखण्ड को उसने रजिस्ट्री बैनामा से 12 अप्रैल 2013 को क्रय किया था तथा उक्त भूखण्ड राजस्व भू-अभिलेखों में उसके नाम पर दर्ज है। अपने भूखण्ड में चारदिवारी बनवा रखी थी।एक सप्ताह पूर्व उसे जानकारी मिली कि किसी व्यक्ति के द्वारा उसके प्लाट की चारदिवारी तोड़कर उसकी जगह अपनी चारदिवारी का निर्माण करा लिया है। मौका मुआयना किया लेकिन चारदिवारी बनवाने वाले व्यक्ति से सम्पर्क नहीं हो सका है। ओम प्रकाश का कहना है कि उस सन्देह है उक्त व्यक्ति उसके प्लाट पर अपना अनाधिकृत कब्जा करने की फिराक में है।

# पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव लड़ेगी कांग्रेस: मीना

रूद्पुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पूरी ताकत से लड़ेगी और पांचों सीटों पर जीत हासिल करेगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि समय परिवर्तनशील है, वह एक चक्र के समान है,जैसे रात के बाद दिन आता है, अंधेरे के बाद उजाला होता है, ठीक उसी के अनुसार परिस्थितियां भी हमेशा बदलती रहती हैं। श्रीमती शर्मा ने कहा कि रात के वक्त अंधेरा अवश्य आता है, लेकिन अंधेरे से कोई डरता नहीं है, क्योंकि सभी को यह पता रहता है कि अंधेरा परमानेंट नहीं होता है, वह जल्दी ही छंटता है,और फिर उजाला भी होता है,क्योंकि यह प्रकृति का नियम भी है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आज देश की परिस्थितियों से बिल्कुल भी परेशान ना हों, क्योंकि यह समय उनके लिए कठिन परीक्षा का समय है और इससे हमें



बिल्कुल भी घबराना नहीं है। जल्द ही हम इस समय से उबर जाएंगे। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां बदलेंगी और कांग्रेस एक बार फिर से पुरानी स्थिति में आएगी। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह धैर्य, संयम,निष्ठा, लगन, समर्पण,का परिचय दें, वह भाजपा से कदाचित डरे नहीं बल्कि उसका डटकर मुकाबला करें। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि देश में कांग्रेस का जल्दी ही परचम लहराएगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि सत्य प्रताड़ित तो जरूर हो सकता है, लेकिन पराजित कभी नहीं हो सकता। इस मूलमंत्र को कांग्रेस कार्यकर्ता समझें और कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जीताने के लिए आगे आएं। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद रुद्रपुर विधानसभा में धुआंधार प्रचार करेंगी, और पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएंगी।

# एल्डा फाउंडेशन ने छात्राओं को किया जागरूक

गदरपुर(उद संवाददाता)। एल्डा फाउंडेशन ने राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को शारीरिक बदलाव के संदर्भ में जानकारी दी तथा कहा कि एक उम्र के पश्चात शरीर मे हार्मोनल परिवर्तन होते हैं इससे घबराने या चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है जिससे कोई संक्रमण न हो।कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ0 पूजा शाहीन ने कहा कि किशोरावस्था में यह बदलाव होने शुरू हो जाते हैं लेकिन जागरूकता न होने की वजह से बच्चे इस विषय पर खुलकर बात नहीं करते माता पिता भी इन बदलावों को लेकर अपने बच्चों से छिपाते है जिससे बच्चे माहवारी के बारे में अनजान रहते हैं। साफ सफाई का ध्यान न रखने से कई बार संक्रमण भी हो जाता है। इसलिए इस विषय पर खुलकर बात करनी चाहिए क्योंकि यह कोई अभिशाप नही है यह प्रकृति का एक महिला के लिए वरदान है तो जरूरी है कि अपने माता पिता से इस विषय पर चर्चा करें। फाउंडेशन की लखनऊ अध्यक्ष राजश्री नीरज ने कहा कि बच्चे देश की धरोहर है यही आगे चलकर देश के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता मिशन को लेकर काफी काम कर रही है। संस्था ने डिग्री कालेज में इंसिरेटर व सेनेटरी पेड वेडिंग मशीन नि:शुल्क उपलब्ध करवाई है भविष्य में उनकी संस्था और भी अच्छा करने की कोशिश करेगी। इस दौरान बच्चो ने स्वच्छता पर पोस्टर भी बनाए जिसमे सना अंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की प्राचार्य शर्मिला सक्सेना ने संस्था का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में तनुजा, अशोक कुमार, अर्चना वर्मा, प्रमोद वर्मा,प्रभजोत कौर,रेनू मौजूद रहे।




**ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED**
(CIN: L85110UR1995PLC008627)
Regd. Office: Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, SIDCUL, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur , Uttarakhand, 263153, Phone: 05944-250270, Fax: 05944-250269
Cor. Office: Plot No 2, Block No 1, W.H.S., Kirti Nagar, New Delhi-110015
Phone- 011-45530828, 011-45642555, Website: www.archidply.com, Email: cs@archidply.com

**POSTAL BALLOT NOTICE**

Members of Archidply Industries Limited ("the Company") are hereby informed that pursuant to Section 108 and Section 110 of the Companies Act, 2013, **("the Act")**, read together with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, Regulation 44 and other applicable provisions of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 **("SEBI Listing Regulations")** and in accordance with the guidelines prescribed by the Ministry of Corporate Affairs **("MCA")** for holding general meetings / conducting Postal Ballot process through e-Voting vide General Circulars No. 14/2020 dated April 8, 2020, No. 17/2020 dated April 13, 2020, No. 20/2020 dated May 05, 2020, No. 22/2020 dated June 15, 2020, No. 33/2020 dated September 28, 2020, No. 39/2020, December 31, 2020, No. 02/2021 dated January 13, 2021, No. 10/2021 dated June 23, 2021, No.20/2021 dated December 8, 2021, No.03/2022 dated May 5, 2022, No. 11/2022 dated December 28, 2022 and No. 09/2023 dated September 25, 2023 issued by the Ministry of Corporate Affairs (the "MCA Circulars"), Secretarial Standard on General Meetings issued by the Institute of Company Secretaries of India **("SS-2")** and other applicable provisions, including any statutory modification or re-enactment thereof for the time being in force, the Company seeks approval of the Members through Postal Ballot only by way of remote voting through electronic means **("E-Voting")** in respect of the following special business as specified in the Postal Ballot Notice dated January 25, 2024 along with explanatory statement thereto:

| S. No. | Description of Item | Type of resolution |
|---|---|---|
| 1. | Appointment of Mr. Rohit Pareek (DIN: 08132565) as an Independent Director of the Company | Special Resolution |

In compliance with aforesaid MCA Circulars, Notice of Postal Ballot has been sent through electronic mode on **Monday, 18th March, 2024** to those Members whose e-mail addresses are registered with the Company or Depository Participant **('DP')** or Company's Registrar and Share Transfer Agent **("RTA")** viz KFIN Technologies Limited as on the **Cut-off date i.e. Friday, 08th March, 2024.**
The Notice of Postal Ballot is also available on the website of the Company i.e. www.archidply.com, website of the Bombay Stock Exchange at www.bseindia.com and National Stock Exchange at www.nseindia.com and website of KFin Technologies Limited at www.kfintech.com. Members who do not receive the Notice may download it from the above-mentioned websites.

A person, whose name is recorded in the register of members/list of beneficial owner as on the cut-off date shall only be considered eligible for the purpose of e-voting. Any recipient of the Notice who was not a member of the Company as on the Cut-off date should treat this Notice for information purpose only.

The members of the Company are hereby notified that:
1. The voting rights of the Members shall be reckoned in proportion to the equity shares held by them on the Cut-off date on **Friday, 08th March, 2024**.
2. The Company has engaged the services of KFin Technologies Limited for the purpose of providing e-voting facility to all its members on the resolution set forth in the Notice. The instructions for e-Voting are given in detail in Postal Ballot Notice.
3. The remote e-Voting period will commence on **Tuesday, 19th March, 2024 at 9:00 A.M. (IST)** and ends on **Wednesday, 17th April, 2024 at 5:00 P.M. (IST)**. Remote e-Voting will not be allowed beyond aforesaid date and time and the e-voting module shall be forthwith disabled by KFin Technologies Limited upon expiry of the period.
4. The Company has appointed CS Rajneesh Sharma, Company Secretary in whole-time practice with Membership Number FCS: 5549 & COP: 24210 as the Scrutinizer to scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner.

The results of e-voting along with Scrutinizer's report will be announced within 2 working days from the conclusion of the e-voting and will be placed on the website of the Company i.e. www.archidply.com and on the website of KFin Technologies Limited at www.kfintech.com. The results shall also be uploaded on the Bombay Stock Exchange (BSE) portal i.e. www.bseindia.com and National Stock Exchange portal i.e. www.nseindia.com. The Company will also display the Result of e-voting alongwith Scrutinizer report on the Notice Board of its Registered office.

In case of any queries/grievances, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Members and e-voting user manual available at the 'download' section of https://evoting.kfintech.com or call KFin Technologies Limited on 1800 309 4001 (toll free).

For Archidply Industries Limited
Sd/-
Atul Krishna Pandey
Company Secretary
Membership No. ACS 47815

Place: New Delhi
Date: March 18, 2024

# पीठासीन अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण





पंतनगर(उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सुचारू संपादन हेतु पीठासीन अधिकारियों को प्रथम प्रशिक्षण पंतनगर विश्वविद्यालय के गॉधी हॉल में दिया गया, जिन्हें मास्टर ट्रेनरों द्वारा दो पालियों में सैद्धान्तिक एवं ईवीएम व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दिवस दो पालियों में संचालित प्रशिक्षण में कुल-1000 पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी कार्मिक सौंपे गए कार्यो एंव दायित्वों का बखूबी निर्वहन करना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़े सभी कार्मिक तटस्थ होकर कार्य करेंगे तथा मतदान पार्टियां अपने ही बूथ पर ही रात्रि विश्राम करेंगे इसकी जिम्मेदारी भी पीठासीन अधिकारी की होगी व किसी का आतिथि स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिकायत क्षम्य नही होगी। उन्होने कहा कि मतदान से पूर्व मॉकपोल अनिवर्य रूप से करायेगें तथा नियत समय प्रातः 7 बजे से मतदान प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि प्रत्येक दो घण्टे में मतदान सूचना कन्ट्रोल रूम को देना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि पीठासीन अधिकारी अपनी डायरी का अच्छी तरह अध्ययन कर ले साथ ही ईवीएम संचालन में दक्ष हो ले ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा जो भी शंकाए है उनका सामाधान प्रशिक्षण के दौरान ही कर लें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा निर्वाचन आयोग का उद्देश्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान कराना है। इसमें पीठासीन की भूमिका अहम है, इसलिए मतदान कार्मिक सैद्धान्तिक के साथ ही ईवीएम का गहनता से प्रशिक्षण लें, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की परेशानी न आये। उन्होंने कहा मतदान में लगे सभी कर्मचारी कर्तव्यनिष्ठा एवं शालीनता से निर्वाचन कार्यो को संपादित करते हुए संपन्न कराये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आचार संहिता लगते हुए हम सभी आयोग के अधीन हो जाते है, तटस्थ होकर निर्वाचन कार्य पारदर्शिता से संपन्न कराना हमारा दायित्व हैं। मतदान कर्मी टीम भावना से मिलजुल कर कार्यो को अंजाम दे। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी अभिकर्ताओं की मौजूदगी में मतदान से पूर्व मॉक पोल कराना अनिवार्य है। पीठासीन अधिकारी हस्तपुस्तिका का भलीभांति अध्ययन कर लें। मतदान बूथ में पीठासीन अधिकारी अनुशासन बनाये रखे, शालीनता से व्यवहार करें, ताकि शांतिपूर्ण, निर्वाध मतदान संपन्न हो सकें। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण नरेश दुर्गापाल, मास्टर ट्रेनरों ने सैद्धान्तिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों ने मतदान हेतु सामग्री प्राप्त के तरीके, मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान शुरू करने, मतदान समाप्ति सहित सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, परियोजना निदेशक अजय सिंह, नोडल खानपान विपिन कुमार, सहायक नोडल कार्मिक केएस रावत, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय सहित पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहें।

## डीएम ने ली प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों की बैठक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद के सभी प्रिंटिगं प्रेस निर्वाचन आयोग की गाईड लाइन का अनुपालन करते हुए प्रिंटिंग प्रेस में छपने वाली सभी प्रकार की प्रचार सामाग्रियों में प्रिंट लाईन के साथ ही संख्या अनिवार्य रूप से लिखना सुनिश्चित करगें साथ ही मुद्रण सामाग्री की चार-चार प्रतियां एवं बिल किस मोड (कैस अथवा चैक) में भुगतान किया गया है की डिटेल भी निर्धारित प्रपत्रों में आरओ एवं एआरओ कार्यालय को देना सुनिश्चित करेगें। यह निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने प्रिंटिंग प्रेस के स्वामियों की बैठक जिला कार्यालय में लेते हुए दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों से कहा कि उनके स्टांक में कितना प्रिंटिंग पेपर, स्याही आदि सामाग्री है व प्रेस में कितने कर्मचारी कार्य करते है कि सूचना रिटर्निंग/सहायक रिटर्निंग आफिसर कार्यालय को देना सुनिश्चित करेगें साथ ही कहा राजनैतिक दलों, प्रत्याशियों, अभिकर्ताओ तथा अन्य के लिये जो भी प्रचार सामाग्री प्रिंटिंग करेगें उसका लिखित अनुमति पत्र अनिवार्य रूप से लेगें तथा उसकी चार-चार प्रतियां भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा प्रिंटिंग प्रेस में जनपद के बाहर के प्रत्याशियों, पार्टियों का भी प्रचार सामाग्री यदि छपने आती है तो उसकी भी सूचना देना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा प्रेस में छापने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर ले कि प्रचार सामाग्री का मैटर एमसीएमसी से प्रमाणित हो। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान प्रचार-प्रसार हेतु राजनैतिक दलों प्रत्याशियों, अभिकर्ताओ द्वारा प्रचार से सम्बन्धित कोई भी पम्पलेट, पोस्टर, बैनर, अपील, हैण्ड बिल आदि किसी भी प्रेस में छापी/छपवायी जाती है, नियमानुसार परिशिष्ट "क" एवं "ख" में वांछित सूचना भरते हुए छपाई जाने वाली समस्त प्रचार सामाग्री की चार-चार प्रति व बिल रिटर्निंग/सहायक रिटर्निंग आफिसर कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें तथा प्रकाशित की जाने वाली सामग्री में मुद्रित करने वाले प्रेस का नाम एवं सामग्री की संख्या प्रिंट लाईन अनिवार्य रूप अंकित होना चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, मुख्य कोषाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा, एलडीएम एनएस जंगपांगी, नोडल जीएसटी अनिल सिंह, प्रियंका प्रिंटिंग प्रेस रूद्रपुर के प्रबन्धक सतीश चन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।



## नामांकन की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के नामांकन हेतु किये जा रहे तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नामांकन कक्ष जिलाधिकारी न्यायालय से एसएलओ कक्ष तक एवं एसएलओ कक्ष से होते हुये एसएसपी कार्यालय के सामने गेट तक तत्काल प्रोपर बैरिकेटिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि बैरिकेटिंग के साथ-साथ साईन बोर्ड भी लगाये ताकि किसी को अनावश्यक इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने एसएसपी को नामांकन के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था कराने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि राजकुमार आदि मौजूद थे।



## प्रचार से पहले लेनी होगी अनुमति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार में नोडल व्यय डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल व नोडल एमसीएमसी आरडी पालीवाल ने राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। श्री शुक्ल ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का निर्वहन करते हुऐ प्रचार करें व रैली, वाहन, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि के लिए पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगी। उन्होने कहा स्टार प्रचारकों के आने से पूर्व सभा स्थल, रैली व हैलीपैड की समय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। प्रचार वाहनों की अनुमति अनिवार्य होगी। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन ने पार्टी प्रत्याशियों के व्यय पर पैनी निगरानी शुरू कर दी है एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, एलएमटी समेत कई टीमें लगा दी गयी है जो पैनी नजर रखे हुये है। उन्होने बताया लोकसभा निर्वाचन में प्रत्याशी का 95 लाख व्यय आयोग द्वारा निर्धारित है। उन्होने बताया कि प्रत्याशी यदि किसी स्टार प्रचारक के साथ हैलीकाप्टर में जाते है तो व्यय प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जायेगा। इसी प्रकार स्टार प्रचार की रैली में प्रत्याशी यदि मंच साझा करता है तो व्यय प्रत्याशी के व्यय खाते में जुड़ेगा यदि प्रत्याशी मंच साझा नही करता है लेकिन स्टार प्रचारक प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील करता है तो मानकों के अनुसार कुछ हिस्सा प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि नामांकन से पूर्व नया बैंक खाता अनिवार्य रूप से खोलना होगा एवं उसी बैंक खाते से लेन-देन करना होगा। उन्होने बताया कि प्रत्याशी प्रतिदिन व्यय लेखा-जोखा रखेगें तथा निर्वाचन के दौरान तीन बार व्यय प्रेक्षक से व्यय पंजिकाओं का अवलोकन कराना अनिवार्य होगा। नोडल अधिकारी एमसीएमसी ने बताया कि प्रत्याशी को सोशल व इलैक्ट्रानिक मीडिया में प्रचार कन्टेंट अपलोड करने से पूर्व प्रचार समाग्री को एमसीएमसी से अनिवार्य रूप से प्रमाणित कराना होगा। उन्होने कहा प्रचार सामाग्री में प्रिंट लाइन व संख्या अवश्य अंकित होनी चाहिए। भाजपा जिला कार्यालय मंत्री गजेन्द्र प्रजापति, बसपा के ओमकार सिंह, चन्द्रकेश्वर राव, जिला महामंत्री भाजयुमो भाजपा विपिन सिंह, महानगर महामंत्री कांग्रेस सुनील कुमार, आप के धर्मेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।



## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा त्योहारो के मद्देनजर व्यापक निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सोमवार को पुलभट्टा किच्छा में बाहरी प्रदेशों से आने वाले वाहनों का निरीक्षण किया गया। अभिहित अधिकारी डॉ0 प्रकाश फुलारा ने बताया कि विशेष अभियान में गठित टीम द्वारा दो दर्जन वाहनों का निरीक्षण किया गया। जिसमे रूहेलखण्ड डिपो एवं हल्द्वानी डिपो की दो बसों से लगभग 260 किलो पेठा हल्द्वानी ले जाया जा रहा था, मौके पर बरामद उक्त खाद्य पदार्थ का दावेदार कोई नही पाया गया, बाद में उक्त खाद्य पदार्थ पर रानू पेठा भंडार, मॉडल विलेज धौना बरेली के रानू द्वारा अपनी दावेदारी प्रस्तुत की गई। संदेह के आधार पर उक्त खाद्य पदार्थ के अलग-अलग नगों से चार नमूने लकर जांच हेतु खाद्य एवं औषधि विश्लेषणशाला रूद्रपुर भेजा गया। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त दूध एवं तेल के दो अन्य नमूने जांच हेतु संग्रहित किये गये। जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। श्री फुलारा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियो का स्वच्छ एवं स्वस्थ्य खाद्य पदार्थो को ही विक्रय करने के निर्देश दिये गये तथा विक्रय हेतु खाद्य केवल अधिकृत खाद्य पदार्थो के सप्लायरों से ही खरीदने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने बताया कि किसी प्रकार की निम्न गुणवत्ता, अस्वछकर एवं अवस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001804246 पर शिकायत कर सकते है। निरीक्षण टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अर्पणा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या शामिल थे।



## मासूम बच्ची के कातिल पिता को पुलिस ने दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। पांच वर्षीय मासूम बच्ची के सिर पर ईंट से प्रहार कर उसे मौत के घाट उतारने वाले सिरफिरे पिता को कुंडेश्वरी पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ईट बरामद कर लिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम खरमासी हनुमान कॉलोनी कुंडेश्वरी निवासी कविता पत्नी नन्हे ने बताया कि बीते 18 मार्च को उसके पति नन्हे पुत्र सोमपाल ने अपनी 5 वर्षीय मासूम बच्ची योगिता पर घर के सामने स्थित खाली प्लॉट में ले जाकर ईंट से प्रहार करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त को तत्परता दिखाते गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद उसे जेल रवाना कर दिया। इनसेट मासूम बच्ची के कत्ल के जुर्म में गिरफ्तार नन्हे दिमागी रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि नियमित कच्ची शराब पीने के कारण पिछले दिनों उसके दिमाग में काम करना बंद कर दिया। पता चला है कि अभियुक्त नन्हे का उपचार चल रहा था। छोटी-छोटी बातों पर झल्लाना गुस्सा करना मारपीट पर आमादा हो जाना उसकी आदत थी।

# संता के कारज आप खालोया हर काम करावान आया राम...

## सत्संग समागम में भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वालों ने संगत को किया निहाल





रुद्रपुर( उद संवाददाता)।आदर्श कॉलोनी स्थित कुटिया संत बाबा गोपाल सिंह जी गुरुद्वारे में 52 वा सलाना गुरमत एवं संत समागम में रागी एवं कीर्तनी जत्थों व कथा वाचक ने गुरु की महिमा का गुणगान कर संगत को निहाल कर दिया। संतों ने प्रवचन करते हुए नेकी की राह पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान विशाल लंगर का आयोजन भी किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार दास अशोक सिंह की देखरेख में आयोजित संत समागम में भव्य धार्मिक दीवान सजाया गया। इस दौरान 16 मार्च से शुरू हुए अखंड पाठ का विधिवत 18 मार्च को भोग पड़ा। समागम में भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वाले, देवेन्द्र सिंह कविश्री जत्था, भाई हरजिंदर सिंह जी कथावाचक यूके वाले, भाई गुरभेज सिंह जी कथा वाचक रुद्रपुर वाले, भाई पवनदीप सिंह जी कीर्तनी जत्था पटियाला वाले आदि रागी व कीर्तनी जत्थों ने सत्संग के माध्यम से संगत को आशीर्वचन देते हुए व महिमा का बखान कर संगत को निहाल कर दिया। इसके अलावा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, दास अजय सिंह, धीरज असीजा, सुधीर अरोरा व संजय ठुकराल का मुंजाल परिवार ने सरोपा भेंट कर जोरदार स्वागत किया। वही भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वालो ने सतनाम वाहेगुरु भाग होआ गुरु संत मिलाया है, संता के कारज आप खालोया हर काम करावां आया राम, जिनके छोले रात्रे प्यारे कंत टीना के पास धुर टीना की जे मिले जी कहो नानक की अरदास,क्या नहीं घर तेरे श्री हरिकिशन धियाई जिस दिथे सब दुख जाए,वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह आदि शब्दों के साथ गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल कर दिया इस दौरान देवेंद्र सिंह कविश्री जत्था, भाई हरजिंदर सिंह जी कथावाचक यूके वाले, भाई गुरभेज सिंह जी कथा वाचक रुद्रपुर वाले, भाई पवनदीप सिंह जी कीर्तनी जत्था पटियाला वाले आदि ने प्रवचन करते हुए नेकी और सच्चाई की राह पर चलने का आहवान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाकर सुख समृद्धि की कामना की इस दौरान लंगर में हजारो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे कई गणमान्य लोगों को सरोपा भेट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान दास अशोक सिंह ,हरीश मुंजाल, सुरेश मुंजाल, परमानंद मुंजाल ,हरिचन्द मुंजाल,महंगा मुंजाल,आशीष मुंजाल ,सुषमा मुंजाल,रेनू मुंजाल ,अंजली मुंजाल ,रीमा मुंजाल, राम चंद आहूजा,गौतम आहूजा, शिव कुमार गुम्बर ,सोनू गुम्बर, हरबंस गुम्बर ,नरेश गुलाटी ,वंश गुलाटी, प्रवीण अरोरा ,रुशील अरोरा,जोगा सिंह, अमन सिंह,पंजाब सिंह, सुरेंदर फुटेला ,राजेन्द्र फुटेला,मनोज मुंजाल , मोनू मुंजाल ,किशन सहगल,बंटी सहगल,सुमित सहगल,जुगनू मुंजाल, दीपक मुंजाल , राम चंद भुड्डी ,गौरव भुड्डी ,राज कुमार सीकरी, तनिष्क सीकरी,आशा मुंजाल, शिवम मुंजाल, राजू मुंजाल, सूरज मुंजाल, मीनू मुंजाल,दीक्षा मुंजाल,अमरीक सिंह, दिनेश अरोरा,राजू अनेजा, अशोक खुराना, पवन कटारिया, अशोक चावला, जतिन नागपाल, रोशन लाल तागरा, शिवम तागरा,साहिल आहूजा व विक्की मुंजाल आदि ने लंगर का प्रसाद ग्रहण कर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया।











## सपा छात्र सभा की नई कार्यकारिणी घोषित

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। समाज वादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की छात्र सभा की नई कार्यकारिणी घोषित की है।प्रदेश की छात्र सभा कार्यकारिणी में जिला मुख्यालय रुद्रपुर से पार्टी कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी दी है। इसमें पंकज कुमार को महासचिव, राहुल सिंह और श्रवण गुप्ता को उपाध्यक्ष, प्रवीन यादव, अरुण कुमार, धरमवीर यादव को सचिव बनाया है। संगठन में नया दायित्व मिलने पर सभी पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्याक्त किया है। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए निष्ठा से काम करने की बात कही है।

## सीआईई इंडिया श्रमिक संगठन की कार्यकारिणी का गठन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।सी0आई0 ई0 इंडिया श्रमिक संगठन की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में अध्यक्ष संदीप सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कमला प्रसाद, उपाध्यक्षअर्जुन प्रसाद, महासचिव डूंगर सिंह, साहित्य सचिव बालकरण, संगठन सचिव विजेंद्र राजभर, प्रचार सचिव दीपक, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सह कोषाध्यक्ष सतीश, कार्यकारिणी सदस्य भीमसेन, दीपक प्रसाद भंडारी, दिनेश कुमार चुने गए। सी0 आई0 ई0 इंडिया लिमिटेड लालपुर तथा ग्रोथ प्लांट की संयुक्त यूनियन के चुनाव के दौरान मजदूर सहयोग के अध्यक्ष मुकुल भी उपस्थित रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए कहा कि नई टीम मजदूरों की समस्याओं और चुनौतियों से जूझते हुए आगे बढ़ेगी और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष में भी अपना योगदान देगी। चुनाव अधिकारी प्रवीण कुमार और हीरा के कुशल नेतृत्व में चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में दोनों प्लांटों के श्रमिकों की भागीदारी रही। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप सिंह ने सभी साथियों को धन्यवाद देते हुए एक और मजबूती के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।



## विद्युत बिल भुगतान लेने पहुंचे कर्मचारियों से मारपीट

काशीपुर( उद संवाददाता)। यूपीसीएल के कर्मचारी ने एक व्यक्ति पर बकाया बिल का भुगतान जमा न करने पर कनेक्शन काटने के दौरान गाली गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर यूपीसीएल के रंजीत कुमार गिरी पुत्र योगेंद्र कुमार गिरि ने बताया कि बीते 18 मार्च को स्वयं सहायता समूह कर्मचारी सतीश कुमार एवं जगदीश कुमार द्वारा ढकिया गुलाबो काशीपुर निवासी अंकुर भटनागर पुत्र रजनीश भटनागर के घर पहुंच कर बकाया विद्युत बिल जमा करने के लिए कहा गया। उपभोक्ता द्वारा ना नुकर करने पर जब कनेक्शन काटने की बारी आई तो आप है कि अंकुर भटनागर गाली गलौज करते हुए उपरोक्त दोनों से मारपीट पर आमादा हो गया। इस दौरान आरोपी ने दिल वसूली के लिए पहुंचे कर्मचारियों को धमकी भी दी।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## गणेश उपाध्याय ने चुनाव आयोग से की आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)।पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शिकायत चुनाव आयोग से की है। उन्होंने कहा कि पौढ़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी की कोटद्वार रैली में भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में मतदान के लिए उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी उनके प्रचार वाहन पर मौजूद रही। यह लोकसभा चुनाव आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। विधानसभा अध्यक्ष पद पर रहने के दौरान किसी भी राजनीतिक पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकता। यह चुनाव आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन है। भारतीय जनता पार्टी और उनके प्रत्याशी और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।



## घर-घर प्रचार करेगी विद्यार्थी परिषद

सितारगंज( उद संवाददाता)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सितारगंज इकाई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी लोकसभा एवं नगर पालिका चुनाव को लेकर हुई चर्चा की गई।



बैठक में तय किया गया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हर घर पहुँच कर राष्ट्रवाद को मत देने की अपील की जाएगी। बैठक में कुमाऊँ छात्रा प्रमुख योगिता छेत्री, विभाग सह संयोजक अमित सागर,पूर्व सचिव देवेश कुमार,अभाविप कार्यकर्ता प्रिंस रस्तोगी, विशाल श्रीवास्तव, ऋषि गुप्ता,लवी सागर,चंद्रदीप, सीमा गर्ग,नेहा सक्सेना एवं नगर एवं कॉलेज ईकाई के समस्त सदस्य मौजूद रहे

## आदर्श क्लब ने जीता ऑल इंडिया वॉलीबाल टूर्नामेंट का फाइनल

शांतिपुरी ( उद संवाददाता)। स्वतंत्रता सेनानी ग्राम जवाहरनगर में ऑल इंडिया वॉलीबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच आदर्श क्लब शांतिपुरी ने जीत लिया। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच हिमांशु त्यागी और मैन ऑफ द सीरीज बिशु चुने गए। रविवार को स्व. श्याम लाल वर्मा खेल मैदान के शिव मंदिर परिसर में टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल स्पोर्ट्स क्लब देहरादून और शांतिपुरी टीम के बीच हुआ। इसमें शांतिपुरी ने मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में झबरन क्लब हरिद्वार ने यूपीसीएल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में आदर्श क्लब शांतिपुरी ने झबरन क्लब हरिद्वार को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। शांतिपुरी टीम ने पहला सेट 25-14, झबरन क्लब ने 25-19, शांतिपुरी टीम ने तीसरा और चौथा सेट 25-11 व 25-20 से जीता। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा ने फाइनल मैच का शुभारंभ किया। जवाहर नगर वॉलीबाल क्लब के अध्यक्ष मोहन कोरंगा उर्फ लक्खा ने बताया कि टूर्नामेंट में 26 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें फाइनल मैच पांच सेट खेला गया। रेफरी राजेश पांडे और विक्रम रावत रहे। आंखों देखा हाल लकी चुफाल ने सुनाया। इस मौके पर शंकर भंडारी, मोहन कोरंगा, राजेंद्र पटवाल, पंकज कोरंगा, शुभम कुनेठा, जगदीश कंडवाल, जयप्रकाश उपाध्याय, प्रेम आर्य, संजय पटवाल आदि थे।

## चुनाव में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने 180 लोगों को किया पाबंद

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस ने 180 लोगों को पाबंद किया है। साथ ही 21 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जिले में लाइसेंसी असलहों का सत्यापन कर इन्हें जमा किया जा रहा है।सोमवार को एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से ऊधमसिंह नगर जिले में निरोधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत पुलिस संवेदनशील स्थानों पर लगातर गश्त कर रही है। साथ ही जिले में एसएसटी और एफएसटी की 27 टीमों को एक्टिव किया गया है। वहीं सीमाओं पर पुलिस और अर्द्धसैनिक बल दिन-रात चेकिंग कर रहे हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर 485 लीटर अवैध शराब बरामद की। जबकि 180 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 107/116 में पाबंदी की कार्रवाई और 21 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

## फैक्ट्री प्रबंधन पर श्रमिक को करंट से मारने का आरोप

सितारगंज( उद संवाददाता)। सिडकुल की फैक्ट्री में श्रमिक की मौत होने पर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। जिसमें मृतक के पुत्र ने षड्यंत्र के तहत श्रमिक को करंट से मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। नगर के वार्ड नंबर एक निवासी संदीप यादव पुत्र लल्लन यादव ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पिता लल्लन यादव सिडकुल की एक फैक्ट्री में नियमित श्रमिक थे। 16 मार्च को ड्यूटी पर जाने के बाद उसके पिता लल्लन यादव की करंट लगने से मृत्यु हो गई। संदीप यादव ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी उसके पिता को कंपनी से निकलना चाहते थे। लेकिन नियमित कर्मचारी होने के कारण निकल नहीं पा रहे थे। आरोप लगाया कि षड्यंत्र के तहत उसके पिता को मारा गया है। फैक्ट्री प्रबंधन ने दुर्घटनाग्रस्त श्रमिक की मौत होने की जानकारी दी है।

## भारी मात्रा में कच्ची शराब के साथ दो तस्कर दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना पुलिस ने अलग अलग स्थानों से अवैध कच्ची शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की गयी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पंतनगर थाना पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान आनंदपुर मोड़ तिराहे के पास गंगादास पुत्र जगदीश निवासी गोलगेट पंतनगर के पास से पन्नियों में भरी करीब 52 लीटर कच्ची शराब बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं टीम ने नगला बाईपास सीमेप के पास से मकरन्द सिंह पुत्र सोहन लाल निवासी सापकठानी खत्ता लालकुंआ के कब्जे से 72 पाउच शराब बरामद कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों का धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत चालान कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गयी।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नकल माफियाओं का आतंक

सम्पूर्ण देश में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों का परीक्षा से पूर्व ही आऊट हो जाना एक गंभीर समस्या बन चुका है। इससे नकल माफियाओं को तो लाखों रूपये मिल जाते हैं परंतु इसका खामियाजा प्रतियागी परीक्षाओं के लाखों प्रतिभागियों को भुगतना पड़ता है। परीक्षाओं के रद्द हो जाने से उनकी कड़ी मेहनत पर पानी फिर जाता है। वहीं उन्हें अपना भविष्य भी अंधकारमय दिखने लगता है। हांलांकि उत्तराखण्ड राज्य के बाद केन्द्र सरकार ने भी सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर दिया है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पर्चों का केंद्रों पर पहुंचने से पहले ही बाहर आ जाना जैसे आम बात हो गई है। हर घटना के बाद सरकारें नकल माफिया पर शिकंजा कसने और परीक्षा प्रणाली को भरोसेमंद बनाने का संकल्प दोहराती हैं, मगर अगली ही किसी परीक्षा में फिर पर्चे बाहर हो जाते हैं। पिछले महीने उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा का पर्चा फूटा था। नतीजतन, परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। अब बिहार लोक सेवा आयोग की शिक्षक भर्ती परीक्षा के पर्चे परीक्षा से एक दिन पहले ही बाहर आ गए और नकल माफिया रुपए लेकर परीक्षार्थियों को उनके उत्तर उपलब्ध कराने लगा था। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को दो दिन पहले ही जानकारी मिल गई थी कि शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र हल करके बांटे जा रहे हैं। परीक्षा के बाद जब पकड़े गए और परीक्षा के प्रश्नपत्रों का मिलान किया गया, तो जाहिर हो गया कि पर्चा पहले ही फूट गया था। बिहार लोक सेवा आयोग ने भरसक यह साबित करने की कोशिश की कि शिक्षक भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र बाहर नहीं आया, मगर आखिरकार यह साबित करने में नाकाम रहा। हालांकि यह अकेले बिहार की बात नहीं है जब परीक्षा से पहले पर्चा बाहर निकाल कर नकल माफिया ने पैसा बटोरना शुरू कर दिया। मगर हैरानी इस बात की है कि तमाम तथ्यों से वाकिफ होते हुए भी परीक्षा की तैयारियों में अपेक्षित सावधानी क्यों नहीं बरती जाती। एक दिन पहले प्रश्नपत्र बाहर आने और सवालों के उत्तर तैयार किए जाने का मतलब है कि नकल माफिया ने प्रश्नपत्रों के केंद्रीय सुरक्षा तंत्र में सेंधमारी की। जबकि आजकल प्रतियोगी परीक्षाओं के पर्चे खोलने के लिए कई स्तर के कवच तैयार किए जाते हैं। अगर नकल माफिया उन्हें भेद गया, तो जाहिर है कि उसमें परीक्षा आयोजित कराने वाले तंत्र की भी मिलीभगत थी। सरकारी नौकरियों के लिए युवाओं की ललक किसी से छिपी नहीं है। विभिन्न महकमों में लाखों पद वर्षों से खाली हैं। उन पर भर्ती प्रक्रिया रुकी हुई है। ऐसे में, जब भी किसी महकमे में कोई भर्ती खुलती है, तो देश भर से लाखों युवा आवेदन करते हैं। इस वक्त रोजगार की जैसी कमी देखी जा रही है, उसमें अपनी योग्यता के हिसाब से बहुत नीचे के पदों पर भी हजारों युवा आवेदन करते हैं। इस स्थिति में अगर प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्था चाक-चौबंद नहीं हो पाती और पर्चा बाहर आने की वजह से परीक्षाएं रद्द करनी पड़ती हैं, तो लाखों युवाओं का पैसा और समय बर्बाद जाता और उनका मनोबल कमजोर पड़ता है। फिर नए सिरे से उन्हें आवेदन करना और उसकी तैयारी करनी पड़ती है। इस बीच कई युवाओं की उम्र भी पार हो जाती है। अब समय आ गया है कि प्रतियोगी पर्रीक्षाओं के प्रश्नपत्र एक ही स्थान पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में तैयार किये जायें और जो भी व्यक्ति प्रश्नपत्र तैयार करे उसे मोबाईल सहित उसके परिजनों व अन्य करीबियों के मोबाईलों को सर्विसलांस में लगाये जायें। अगर संभव हो तो परीक्षा सम्पन्न होने तक उन्हें सघन निगरानी में भी रखा जाये। इससे देश के करोड़ों बेरोजगार युवाओं का भविष्य संवारा जा सकता है।

# मतदान ड्यूटी पर तैनात किए जाने वाले कार्मिकों व सुरक्षाबलों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा : सीएस

## चुनाव के दौरान हर गतिविधियों पर नजर रखेंगे 210 उड़नदस्ते

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदान ड्यूटी पर तैनात किए जाने वाले कार्मिकों/ सुरक्षाबलों/ केंद्रीय सुरक्षाबलों को आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक उपचार, एयर एम्बुलेंस इत्यादि की सुविधा दिए जाने के संबंध में विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी पुरुषोत्तम, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। चुनाव के दौरान धन, मादक पदार्थ और अन्य गैरकानूनी चीजों की आवाजाही पर रखने के लिए 210 उड़नदस्ते बनाए गए हैं। इन दस्तों में पांच पुलिसकर्मी शामिल रहेंगे। इसके अलावा, प्रदेश की 93 चेकपोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं, जबकि 30 चेकपोस्ट व स्थान ऐसे हैं, जिन्हें सीसीटीवी कैमरे से कवर नहीं किया जा सकता। ऐसे में इन स्थानों पर संबंधित प्रशासन ड्रोन कैमरों से निगरानी करेगा। आम चुनावों को लेकर पुलिस-प्रशासन की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। लगातार चेकपोस्ट पर चेकिंग, निगरानी की जा



रही है। प्रदेश में अंतरराज्यीय और अंतरजनपदीय बॉर्डर चेकपोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे में पुलिस और स्थानीय प्रशासन की ओर से कुल 93 चेकपोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। कुछेक चेकपोस्ट बाकी हैं, जिन पर कैमरे लगाए जा रहे हैं। इन कैमरों से हर वाहन की चेकिंग और अन्य गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन उड़नदस्ते इस तरह की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इनमें दरोगा व अपर उपनिरीक्षक समेत पांच पुलिसकर्मी शामिल हैं। इनमें आयकर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, नकदी की आवाजाही पर नजर रखने के लिए बैंकों से भी संपर्क किया जा रहा है। बॉर्डर चेकपोस्ट, रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों पर आयकर विभाग की टीमें भी तैनात हो चुकी हैं। पिछले दिनों पुलिस मुख्यालय की ओर से वन क्षेत्र और दुर्गम क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी करने के निर्देश दिए थे। हाल में हुए सर्वे के मुताबिक, चेकपोस्ट के आसपास के ऐसे 30 क्षेत्र हैं, जहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाना संभव नहीं है। ऐसे में यहां पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। एपी अंशुमान, एडीजी कानून व्यवस्था के अनुसार पुलिस विभाग की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। लगातार मीटिंग कर अफसरों को निर्देशित किया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों से चेकपोस्ट पर निगरानी की जा रही है। ड्रोन कैमरों को भी दुर्गम क्षेत्रों में प्रशिक्षित पायलटों के साथ तैनात किया जा चुका है।

# एसबीआई के चीफ मैनेजर ने संभाला कार्यभार

## तीन माह पूर्व हल्द्वानी मार्ग पर बाघ से टकराई थी कार



गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय स्टेट बैंक शाखा गदरपुर के चीफ मैनेजर हरि मोहन गर्ब्याल तीन माह पूर्व मार्ग दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गये थे। स्वास्थ्य लाभ होने पर उन्होंने मंगलवार को बैंक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि मेरे अस्वस्थ होने पर बैंक कर्मियों द्वारा जो सहयोग दिया गया और ग्रहकों को बैंक की सुविधायें दी गयी उनके लिए व उनका आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जायेगी। बता दें कि 6 जनवरी की देर सायं करीब 8.30 बजे चीफ मैनेजर हरि मोहन गर्ब्याल की कार घने कोहरे के चलते सड़क से अचानक निकल रहे बाघ से टकरा गयी थी। जबकि कार असंतुलित होकर सड़क के किनारे जंगल की तरफ चली गयी। चीफ मैनेजर के पैर में गंभीर चोट आयी थी। गंभीर चोट के कारण इलाज के चलते अवकाश पर थे। स्वास्थ्य लाभ होने पर उनके द्वारा मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। चीफ मैनेजर के मधुर व्यवहार एवं उनकी ग्राहकों के प्रति अच्छी कार्यप्रणाली के चलते बैंक में लेन-देन करने वालों को काफी लगाव हो चुका है। शाखा प्रबंधक के बैंक में पहुंचने पर बैंक कर्मियों सहित उनके शुभ चिन्तकों ने शुभकामनायें देते हुए उनके दीर्घायु की कामना की।

# आंचलिक भाषाओं को बचाने की ठोस पहल

कोई भी भाषा जब मातृभाषा नहीं रह जाती है तो उसके प्रयोग की अनिवार्यता में कमी और उससे मिलने वाले रोजगार मूलक कार्यों में भी कमी आने लगती है। पिछले 75 सालों में हमारी भाषा और बोलियों के साथ यही होता रहा है। परंतु अब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) को लागू करने की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए केंद्र सरकार नए सत्र से पांच नए उपाय करने जा रही है। इनमें बच्चों को मातृ, घरेलू और क्षेत्रीय भाशा में पाठ्य पुस्तकें पढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इस लक्ष्यपूर्ति के लिए 52 प्रवेशिकाएं अर्थात पाठ्य पुस्तकें तैयार की गई हैं। इनसे छात्र-छात्राओं से लेकर वयस्क तक इन्हीं भाशाओं में वर्णमाला और दो अंकों तक गणित सीख सकेंगे। पहले चरण में 17 राज्यों की राजभाषा व स्थानीय भाषा में 52 पुस्तकें मैसूर के भारतीय भाषा संस्थान और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने तैयार की हैं। देश में ऐसी 121 भाषाएं हैं, जिन्हें क्षेत्रीय लोग स्थानीय स्तर पर लिखने व बोलने में प्रयोग करते हैं। जल्दी ही देश के बाकी राज्यों की आंचलिक भाषाओं में प्रवेशिका उपलब्ध करा दी जाएंगी। इन पाठ्य पुस्तकों का उपलब्ध होना न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि विलोपित हो रही मातृभाषाओं का अस्तित्व बचाने की परिवर्तनकारी पहल है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इन पाठ्यक्रमों को जारी करते हुए कहा है कि 'जनजातीय भाशाओं सहित गैर-अनुसूचित भाशाओं में ज्ञानार्जन करने वाले बच्चों के लिए यह पहल एक प्रेरणादायी यात्रा साबित होगी। यह गहरी समझ, निरंतर सीखने और स्वदेशी संस्कृति से जुड़ाव के साथ शिक्षा के अन्य क्षेत्रों में बड़ी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगी। इससे विभिन्न भारतीय भाशाओं में प्रारंभिक पाठ्य पुस्तकों को जारी करके एक नई सभ्यता के पुनर्जागरण की शुरूआत होगी। यह पहल निर्बाध और भविश्यवादी शिक्षण परिदृष्य तैयार कर भारतीय भाशाओं में सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देगी। इससे नई शिक्षा नीति का दृश्टिकोण साकार होगा और शालेय शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। साथ ही सरकार ने राश्ट्रीय विद्या समीक्षा केंद्र का राज्य इकाइयों व 200 टीवी डीडीएच चौनलों के साथ एकीकरण का निर्णय भी लिया है।' इस हेतु सरकार ने 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों तक के लिए 22 क्षेत्रीय व प्रादेशिक भाषाओं में चौनल तैयार कर लिए हैं। ये बिना इंटरनेट चलेंगे। भविष्य में ये चौनल ओटीटी और यूट्यूब पर भी उपलब्ध होंगे। शिक्षकों की गुणवत्ता एक जैसी हो, इसके लिए व्यावसायिक मानक तैयार किए हैं। इसमें शिक्षकों के स्तर व क्षमताओं को परिभाषित किया गया है। इनका मूल्यांकन भी होता रहेगा। साफ है, शिक्षकों व विद्यार्थियों के सशक्तिकरण व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अधिक समावेशी बनाने की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण कदम हैं। क्षेत्रीय भाषाएं और बोलियां हमारी ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहरें हैं। इन्हें मुख्यधारा में लाने के बहाने अब तक हम तिल-तिल मारने का काम कर रहे हैं। कोई भी भाषा कितने ही छोटे क्षेत्र में, भले कम से कम लोगों द्वारा बोली जाने के बावजूद उसमें पारंपरिक ज्ञान के असीम खजाने से भरी होती है। ऐसी भाषाओं का उपयोग जब मातृभाषा के रुप में नहीं रह जाता है तो वे विलुप्त होने लगती हैं। सन् 2100 तक धरती पर बोली जाने वाली ऐसी सात हजार से भी ज्यादा भाषाएं हैं, जो विलुप्त हो सकती हैं। जर्मन विद्वान मैक्समूलर ने अपने शोध से भारत के भाषा और संस्कृति संबंधी तथ्यों से जिस तरह समाज को परिचित कराया था, उसी तर्ज पर अब नए सिरे से गंभीर प्रयास किए जाने की जरुरत है, क्योंकि हर पखवाड़े भारत समेत दुनिया में एक भाषा मर रही है। इस दायरे में आने वाली खासतौर से आदिवासी व अन्य जनजातीय भाषाएं हैं, जो लगातार उपेक्षा का शिकार होने के कारण विलुप्त हो रही हैं। ये भाषाएं बहुत उन्नत हैं और ये पारंपरिक ज्ञान का भंडार हैं। भारत में ऐसे हालात सामने भी आने लगे हैं कि किसी एक इंसान की मौत के साथ उसकी भाषा का भी अंतिम संस्कार हो जाए। स्वाधीनता दिवस 26 जनवरी 2010 के दिन अंडमान द्वीप समूह की 85 वर्षीय बोआ के निधन के साथ एक ग्रेट अंडमानी भाषा 'बो' भी हमेशा के लिए विलुप्त हो गई। इस भाषा को जानने, बोलने और लिखने वाली वे अंतिम इंसान थीं। इसके पूर्व नवंबर 2009 में एक और महिला बोरो की मौत के साथ 'खोरा' भाषा का अस्तित्व समाप्त हो गया। किसी भी भाषा की मौत सिर्फ एक भाषा की ही मौत नहीं होती, बल्कि उसके साथ ही उस भाषा का ज्ञान भण्डार, इतिहास, संस्कृति, उस क्षेत्र का भूगोल एवं उससे जुड़े तमाम तथ्य और मनुष्य भी इतिहास का हिस्सा बन जाते हैं। इन भाषाओं और इन लोगों का वजूद खत्म होने का प्रमुख कारण इन्हें जबरन मुख्यधारा से जोड़ने और आधुनिक शिक्षा देना रहा है। ऐसे हालातों के चलते ही अनेक आदिम भाषाएं विलुप्ति के कगार पर हैं। भारत सरकार ने उन भाषाओं के आंकड़ों का संग्रह किया है, जिन्हें 10 हजार से अधिक संख्या में लोग बोलते हैं। 2001 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार ऐसी 121 भाषाएं और 234 मातृभाषाएं हैं। भाषा-गणना की ऐसी बाध्यकारी शर्त के चलते जिन भाषा व बोलियों को बोलने वाले लोगों की संख्या 10 हजार से कम है उन्हें गिनती में शामिल ही नहीं किया गया। 'नेशनल ज्योग्राफिक सोसायटी एंड लिविंग टंग्स इंस्टीट्यूट फॉर एंडेंजर्ड लैंग्वेजेज' के अनुसार हरेक पखवाड़े एक भाषा की मौत हो रही है। सन् 2100 तक भू-मण्डल में बोली जाने वाली सात हजार से भी अधिक भाषाओं का लोप हो सकता है। इनमें से पूरी दुनिया में सात्ताईस सौ भाषाएं संकटग्रस्त हैं। इन भाषाओं में असम की 17 भाषाएं शामिल हैं। यूनेस्को द्वारा जारी एक जानकारी के मुताबिक असम की देवरी, मिसिंग, कछारी ,बेइटे, तिवा और कोच राजवंशी सबसे संकटग्रस्त भाषाएं हैं। इन भाषा-बोलियों का प्रचलन लगातार कम हो रहा है। नई पीढ़ी के सरोकार असमिया, हिन्दी और अंग्रेजी तक सिमट गए हैं। इसके बावजूद 28 हजार लोग देवरी भाषी, मिसिंगभाषी साढ़े पांच लाख और बेइटे भाषी करीब 19 हजार लोग अभी बाकी हैं। इनके अलावा असम की बोडो, कार्बो, डिमासा, विष्णुप्रिया, मणिपुरी और काकबरक भाषाओं के जानकार भी लगातार सिमटते जा रहे हैं। घरों में, बाजार में व रोजगार में इन भाषाओं का प्रचलन कम होते जाने के कारण नई पीढ़ी इन भाषाओं को सीख-पढ़ नहीं रही है। दरअसल जिस भाषा का प्रयोग लोग मातृभाषा के रुप में करना बंद कर देते हैं, वह भाषा धीरे-धीरे विलुप्ति के निकट आने लगती है। वे ही भाषाएं बोलियों और लिपियों के रूप में जीवित रह सकती हैं जो उपयोग में बनी रहें। पूरी दुनिया में 15 हजार से अधिक भाषाएं दर्ज हैं, लेकिन आज उनमें से आधी से ज्यादा मर गईं हैं। इसका कारण इन्हें उपयोग से वंचित कर देना है। कई लोग भाषाओं की विलुप्ति का कारण आक्रांताओं के हमलों को मानते हैं। भारत में भी इस स्थिति को भाषाओं की विलुप्ति का कारण माना गया। लेकिन यह तथ्य थोथा है। फ्रांस में भी यह भ्रम फैला हुआ है। फ्रेंच भाषियों को यह आशंका सता रही है कि वहां कि युवा पीढ़ी अंग्रेजी के प्रति आकर्षित है, इसलिए वहां अंग्रेजी से मुक्ति के उपाय सुझाए जा रहे हैं। असल में भाषा को उपयोगी बनाए रखने की जरूरत है। यदि भाषाएं बोल-चाल के साथ पाठ्यक्रम, रोजगार और तकनीक की भाषा बनी रहती हैं तो वह विलुप्त नहीं हो सकतीं। नाइजीरिया और केमरून की बिक्या भाषाएं प्रयोग में नहीं रहने के कारण लुप्त हुई। इस भाषा को प्रचलन में बनाए रखने वाले एक-एक कर जब मरते चले गए तो उनके साथ भाषा भी काल में समाती चली गई। वर्तमान में विश्व की 90 प्रतिशत भाषाओं और बोलियों पर विलुप्त हो जाने का खतरा मंडरा रहा है। वैसे भाषाओं का मरना हर युग और हर देश में एक सिलसिला बना रहा है। भारत की सबसे प्राचीन ब्राह्मी लिपि को आज बांचने वाला कोई नहीं है। इसी तरह एशिया, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया क्षेत्रों की अनेक भाषा और बोलियां तिल-तिल मरती जा रही हैं। प्रकृति की विलक्षणता और सामाजिक विविधता की युगों से चली आ रही पहचानों को हम भाषाओं के माध्यम से ही पृथक-पृथक रूपों में चिन्हित कर पाते हैं। भाषा के माध्यम से ही हम विकास का ढांचा खड़ा कर पाते हैं। इस विकास के साथ जो भाषा जुड़ी होती है, उसकी जीवंतता बनी रहती है। आज अंग्रेजी जहां भाषाओं की विलुप्तता की दृष्टि से खलनायिका साबित हो रही है, वहीं इसके महत्व को एकाएक इसलिए नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह आधुनिक तकनीक के व्यावहारिक और व्यावसायिक उपयोग का विश्वव्यापी आधार बन गई है। दुनिया की युवा पीढ़ी विश्व समाज से जुड़ने के लिए अंग्रेजी की ओर आकर्षित है। लेकिन यदि अंग्रेजी इसी तरह पैर पसारती रही तो दुनिया में भाषाई एकरूपता छा जाएगी, जिसकी वटवृक्षी छाया में अनेक भाषाएं मर जाएंगी। भारत की तमाम स्थानीय भाषाएं व बोलियां अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव के कारण संकटग्रस्त हैं। व्यावसायिक, प्रशासनिक, चिकित्सा, अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी की आधिकारिक भाषा बन जाने के कारण अंग्रेजी रोजगारमूलक शिक्षा का प्रमुख आधार बना दी गई है। इन कारणों से उत्तरोत्तर नई पीढ़ी मातृभाषा के मोह से मुक्त होकर अंग्रेजी अपनाने को विवश है। प्रतिस्पर्धा के दौर में मातृभाषा को लेकर युवाओं में हीन भावना भी पनप रही है। भाषाओं को बचाने के लिए समय की मांग है कि क्षेत्र विशेष में स्थानीय भाषा के जानकारों को ही निगमों, निकायों, पंचायतों, बैंकों और अन्य सरकारी दफ्तरों में रोजगार दिए जाएं। इससे अंग्रेजी के फैलते वर्चस्व को चुनौती मिलेगी और ये लोग अपनी भाषाओं व बोलियों का संरक्षण तो करेंगे ही उन्हें रोजगार का आधार बनाकर गरिमा भी प्रदान करेंगे। ऐसी सकारात्मक नीतियों से ही युवा पीढ़ी मातृभाषा के प्रति अनायास पनपने वाली हीन भावना से भी मुक्त होगी ? इस नजरिए से 52 क्षेत्रीय भाशाओं में पढ़ाई एक अनूठी और आवष्यक पहल है। भाषा संबंधी नीतियों में ऐसे ही बदलावों से लुप्त हो रही भाशाओं को बचाया जाना संभव होगा।

-प्रमोद भार्गव

# तहसील कर्मियों पर कोर्ट के आदेश की अवमानना का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बसंत गार्डन कालोनी किशनपुर किच्छा निवासी भजन सिंह पुत्र नानक चंद ने जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपे शिकायती पत्र में तहसील कर्मियों पर कोर्ट के आदेश की अवमानना का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। भजन सिंह का कहना है कि न्यायालय से स्थायी निषेधाज्ञा प्राप्त भूमि में तहसील कर्मियों द्वारा अवैध रूप से हस्तक्षेप किया गया है। उसका कहना है राजस्व निरीक्षक, क्षेत्र लालपुर द्वारा उसे 14 मार्च के सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया था कि न्यायालय उप जिलाधिकारी द्वारा राजस्व ग्राम कोठा तहसील रूदपुर में पडौसी कृषकों स्थित भूमि खसरा की हदबन्दी पैमाईश करने की सूचना दी गयी थी। 17 मार्च 2024 को अपरान्ह तहसील रूदपुर के कानूगो राधे राणा एवं राजस्व निरीक्षक विपिन कुमार स्थल पर आये तथा उक्त खसरा नम्बर के अतिरिक्त उसकी भूमि खेत सं0 103 पर अवैध रूप से हस्तक्षेप करते हुए भूमि की हदबन्दी तोड दी गयी। उन्हें अवगत कराया गया कि खसरा सं० 103 पर न्यायालय सिविल जज जू०डि० रूद्रपुर द्वारा स्थायी रूप से निषेधाज्ञा आदेश पारित किया गया है। लेकिन तहसील कर्मियों द्वारा न्यायालय के आदेश की अवमानना करते हुए निषेधित भूमि पर अवैध हस्तक्षेप कर उसको क्षति पहुँचायी है। जबकि इन्हें निषेधित भूमि पर हस्तक्षेप करने का कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं है। पत्र में भजन सिंह ने तहसील रूद्रपुर के उक्त कर्मियों के विरूद्ध न्यायालय की अवमानना करने हेतु कानूनी कार्यवाही करने एवं खसरा सं0 103 की भूमि को पूर्व स्थिति में करने के आदेश पारित करते हुए न्याय दिलाने की मांग की है।

# डीएम ने बैठक में राजनीतिक दलों को दी निर्वाचन आयोग की गाईडलाईन की जानकारी

बागेश्वर। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में चुनाव की तिथि,मतदान केंद्रों, निर्वाचक नामावली,नाम निर्देशन व्यवस्था, प्रचार-प्रसार,आदर्श आचार संहिता के बिंदु, इनकम टैक्स, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, एमसीएमसी के तहत विज्ञापन का प्रमाणन सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार राजनैतिक दलों को प्रचार वाहनों एवं चुनाव कार्यालय खोलने तथा सभा आयोजित कराने आदि को लेकर सम्बंधित एआरओ से अनुमति लेना आवश्यक है। जिन प्रचार वाहनों की अनुमति ली जा रही है उनके कागज वैध हो,पहले से ही चेक कर लिया जाय। नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतगणना तक होने वाले कार्यों का लेखा-जोखा, समय-समय पर उसका सक्षम अधिकारी




की ओर से मिलान भी कराया जाए। निर्वाचन से संबंधित शिकायत करने तथा नियत समय के तहत निस्तारण के लिए सी-विजिल एप का प्रयोग भी किया जा सकता है।बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, उप जिलाधिकारी मोनिका,अनुराग आर्या, इनकम टैक्स ऑफिसर अनूप बलोनी, नूतन गांधी, वरिष्ठ कोषाधिकारी हेम कांडपाल, सहित भाजपा,कांग्रेस बसपा समेत अन्य दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालातों में एक ने फांसी लगाकर दी जान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों को चलते एक व्यक्ति ने पंखे के कुंडे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना से परिजनों में काफी कोहराम मचा है। मुखानी निवासी 46 वर्षीय गोविंद सिंह जीना पुत्र कुंदन सिंह जीना ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे के पंखे के कुंडे से लटक कर जान देने का प्रयास किया। उसे देख परिजन उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई चिकित्सक ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।

# यातायात नियमों का पालन करें : एमसी पांडे

बागेश्वर(उद संवाददाता)। यातायात पुलिस अब यातायात नियमों की अवहेलना करने पर सख्त हो गई है, जिले में तैनाती पर नवागत यातायात प्रभारी इंस्पेक्टर मोहन चंद पांडे ने कार्यभार संभालते ही जिला मुख्यालय में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने, नियमों का पालन नही करने, ओवर स्पीड में अनियंत्रित तरीके से दोपहिया वाहन चलाने, स्टंट बाजी करने वाले, ओवर स्पीड से वाहन चलाने, ओवर लोडिंग करने वाले वाहन चालकों, नाबालिकों को वाहन चलाने पर वाहन सीज करने, कोई भी व्यक्ति शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाए जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।नवागत टीआई इंस्पेक्टर मोहन चंद पांडे ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद नगर क्षेत्र में विभिन्न मार्गो में चेकिंग अभियान चलाया।और वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील



की।उन्होंने यातायात के नियमों का उल्लघन करने पर चालानी कार्यवाही करते हुए दो वाहनों को सीज किया। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोण्डे द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में सड़क दुर्घटनांओ पर रोकथाम के लिये सभी थाना/चौकी प्रभारियों, प्रभारी यातायात को यातायात नियमों का उल्लघंन करने, नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध चौकिंग अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है ।प्रभारी यातायात निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे द्वारा अपनी यातायात टीम के साथ चौकिंग के दौरान बिना लाईसेंस, बिना आरसी, बिना हेल्मेट वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनयम के अंतर्गत चालान व मौके पर दस्तावेज न मिलने पर दो वाहनों को मौके पर सीज किया। टीआई ने सभी लोगों से सड़क सुरक्षा के मद्देनजर सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# आठ पेटी अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता केपालन को लेकर पुलिस अवैध शराब तस्करी पर लगाम लगाने के लिए मुश्तैद हो गई है।एसपी अक्षय कोंडे के अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए छापेमारी अभियानचलाने के निर्देश दिए हैं।वही कोतवाली पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्र में गश्ती के दौरान प्रभारी निरीक्षक कैलाश नेगी को बालीघाट के पास अवैध शराब का कारोबार करने वाले एक आरोपी को छापेमारी के दौरान आठ पेटी अवैध देशी शराब के साथ पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही के बाद अवैध नशे का कारोबार करने वाले नशे के कारोबारियों की नींद उड़ी हुई है।आदर्श आचार संहिता लागू होते ही, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोण्डे के निर्देशन



में पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी के पर्यवेक्षण में बागेश्वर पुलिस द्वारा सघन चौकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वही कोतवाल कैलाश सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत शान्ति/सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी के दौरान बालीघाट तिराहे से पहले शिव मंदिर के पास से अभियुक्त महेश सिंह पुत्र गोविन्द सिंह निवासी बालीघाट थाना कोतवाली निवासी व्यक्ति को आठ पेटी (96 बोतल) बाजपुर देशी मसालेदार अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने अवैध शराब को गिरफ्त में लेकर 60 आबकारी अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया।शराब पकड़ने वाली टीम में कोतवाल कैलाश सिंह नेगी,वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय सिंह बृजवाल, कांस्टेबल नरेंद्र गोस्वामी, चालक भुवन प्रसाद आदि मौजूद थे।

# कैले बांधी चीर हो रघुनंदन राजा..

गरुड़(उद संवाददाता)। होलाष्टक पर प्रसिद्ध कोट भ्रामरी मंदिर में भेटा गांव के होल्यारों ने अबीर गुलाल चढ़ाया। इसके साथ ही कत्यूर घाटी में खड़ी



होली का रंगारंग आगाज हो गया है। भेटा गांव के होल्यार परंपरा को निभाते हुए सोमवार को होलाष्टक पर कोट भ्रामरी मंदिर पहुंचे। पूजा अर्चना कर यहां मां भ्रामरी को अबीर गुलाल और रंग चढ़ाया।इस मौके पर शांतिपूर्वक होली संपन्न होने की कामना की गई। पौराणिक लोक परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष भेटा गांव के लोहुमी परिवारों द्वारा होलाष्टक के अवसर पर कत्यूर की कुल देवी मां भ्रामरी को अबीर गुलाल व रंग चढ़ाया जाता है। तभी से पूरी घाटी में खड़ी होली का विधिवत रंगारंग आगाज होता है। कत्यूर घाटी के इतिहास में भेटा गांव के लोहुमी परिवारों का विशेष महत्व है। रविवार को भेटा गांव की होली वरिष्ठ डांगर नंदाबल्लभ लोहुमी के नेतृत्व में कोट मंदिर पहुंची। होल्यारों ने मां को अबीर गुलाल व रंग चढ़ाया और चीर बंधन किया। इस मौके पर कैले बांधी चीर हो रघुनंदन राजा तथा आज कन्हैया रंग भरे सहित कई होली गीत गाए गए। इस दौरान जिपंस जनार्दन लोहुमी,ललित मोहन लोहुमी, वंशीधर लोहुमी, घनश्याम जोशी, राजेन्द्र प्रसाद लोहुमी, दिनेश लोहुमी, हरीश चंद्र लोहुमी,अनिल लोहुमी,चंद्रशेखर बड़सीला, दिनेश नेगी,अनिल पांडे, मनोज लोहुमी, हेम चंद्र लोहुमी, विनोद लोहुमी, पवन लोहुमी, शेखरानंद लोहुमी, कैलाश लोहुमी, लक्ष्मी दत्त पांडे, प्रमोद लोहुमी, दीप चंद्र लोहुमी, कमलेश लोहुमी, ललित लोहुमी, मोहन लोहुमी, वसंत लोहुमी, पंकज लोहुमी समेत दर्जनों होल्यार मौजूद थे।

# पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

बागेश्वर(उद संवाददाता)। सोमवार को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, सकुशल एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु, पुलिस अधीक्षक महोदय बागेश्वर अक्षय प्रहलाद कोण्डे के निर्देशन में एवम् पुलिस उपाधीक्षक, कपकोट के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष काण्डा के नेतृत्व में काण्डा पुलिस व एसएसबी द्वारा संयुक्त रूप से थाना क्षेत्रान्तर्गत घिगारतोला, विजयपूर, कमेरीदेवी में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान लोगों को निर्भीक होकर किसी भी धर्म, वर्ग,जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना, निष्पक्ष मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा लोगों को मतदान के महत्व के बारे में समझाया गया तथा सभी को शत प्रतिशत मतदान करने' हेतु जागरूक किया गया। सभी आम जनमानस भी लोकतंत्र के इस महापर्व में बेझिझक बढ़-चढ़कर भाग लेंने। वहीं दूसरी ओर आदर्श आचार संहिता का पालन करने, असामाजिक व अराजक तत्वों को सख्त हिदायत दी कि चुनाव



के दौरान यदि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, शांति व कानून व्यवस्था प्रभावित करने के प्रयास किए जाएंगे तो ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर से कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जनपद पुलिस एवं पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों द्वारा किए जाने वाले फ्लैग मार्च का उद्देश्य यह है कि पुलिस प्रशासन भी भयमुक्त एवं निष्पक्ष मतदान कराने हेतु तैयार है।

# बंदरों के आतंक को लेकर सरकार की अनदेखी पर आक्रोश जताया

गरुड़(उद संवाददाता)। बंदर भगाओ खेती बचाओ जन अभियान संचालन समिति की बैठक में कत्यूर क्षेत्र के बंदर आतंक पीड़ित जनता की सरकार द्वारा लगातार उपेक्षा पर तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की गई है। समिति के संरक्षक एडवोकेट डीके जोशी, संयोजक हरीश जोशी व अध्यक्ष रविशंकर बिष्ट ने आरोप लगाते हुए कहा कि आए दिन बंदरों के काटे जाने से लोगों के हताहत होने के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं और सरकार व संबंधित विभागों को पीड़ित जनता की सुध लेने की तक फुरसत नहीं है। यहां तक कि पीड़ित जनता को तयशुदा मुआवजा वितरण की कार्यवाही भी अभी तक अमल में नहीं लाई गई है। समिति के सदस्यों का आरोप है कि इस ज्वलंत जन मांग को सरकार बहुत हल्के में ले रही है। मुख्यमंत्री को जन अभियान की शिकायत और सुझावों की रिपोर्ट सौंपे जाने के एक माह पूरा हो जाने को है और सरकार की ओर से कोई भी पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाना घोर आश्चर्य है। लोकसभा चुनावों की आदर्श आचार संहिता के चलते समिति ने इन दिनों सड़क का जन अभियान स्थगित रखा है, जबकि लगातार विमर्श बैठकों के माध्यम से इस मुद्दे पर सूचना अधिकार अधिनियम के तहत संबंधित विभागों से पक्ष एकत्र कर आगे की कार्यवाही शुरू की जा रही है।बताते चलें कि अभियान समिति बीती 15 जनवरी से बंदरों के आतंक से निजात की मांग को लेकर लामबंद हुई है।

## पेज एक का शेष...

**एक किलो चरस के ...**चैकिंग करने लगे कि दौरान एक काले रंग की कार संख्या यूके 04 एजी 5465 अटरिया रोड की तरफ से आती दिखाई दी । जिसे रुकने का ईशारा किया तो तो कार चालक वापस भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने पीछाकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर कार चालक ने अपना नाम पता अक्षय प्रसाद पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम मजूली पोस्ट पहाड़पानी जिला नैनीताल बताया। तलाशी लेने पर कार की डैस बोर्ड की दराज से पन्नी के अन्दर अवैध चरस बरामद हुई। उसने पुलिस को बताया कि उसके पापा नही है घर में कोई कमाने वाला नही है इस लिए वह वाहन से गाँव से चरस लाकर तस्करी कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। चरस लाकर ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में चलते फिरते नशेडियो को बेचता है। वजन लेने पर बरामद चरस का शुद्ध वजन 1.002 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने बरामद चरस व कार कब्जे में लेकर नशा तस्कर अक्षय कुमार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। खुलासे के दौरान एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ अनामिका तोमर भी मौजूद थे।

**उड़न दस्ता टीम ने ..**कुमार ने धनराशि की फर्द बनाकर इसे राजपुर पुलिस को सौंप दिया। वाहन चालक की पहचान प्रमोद कुमार गर्ग निवासी सूर्य नगर, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि प्रमोद कुमार वर्तमान में विवेकानंद ग्राम, जोगीवाला में रह रहे हैं। मामले में पूछताछ की जा रही है।

**भाजपा ने किया...**दो साल पूरे होने, अगले माह छह अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर भी निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष के मुताबिक लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत होने वाली प्रधानमंत्री व अन्य शीर्ष नेताओं की रैलियों के लिए सभी लोकसभाओं से रिपोर्ट मांगी गई है।

**मैदान में होगा...**साथ ही पार्टी ने पूर्व सांसदों को विधानसभा चुनाव में हारी हुई सीटों पर भेज कर एक विशेष रिपोर्ट भी तैयार करवाई है और इस रिपोर्ट के आधार पर ही जरूरत के अनुसार संगठन में फेर बदल भी किया गया है।

**नशेड़ी पति से ...**यापन में परेशानियां आ रही है।बताया जाता है कि गत रात्रि महिला ने घर में रखा विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश की। विषाक्त पदार्थ खाते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिस पर बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग आ पहुंचे। महिला को तत्काल गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत में सुधार बताया है।

**नाबालिग से ...**जेपी नगर फुलसुंगा ट्रांजिट कैम्प निवासी युवक अरूण वर्मा पुत्र कृष्णलाल उनकी पुत्री को बहला फुसला कर ले गया है। जिस पर परिजनों ने उसके विरूद्ध रपट दर्ज करा दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक अरूण वर्मा को गिरफ्तार कर लिया।


## सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र वैष्णो सक्सेना अपनी मनमानी करता है। आये दिन हमें परेशान और दुखी करता है। समझाने पर मारपीट करता है। उसके कृत्यों से परेशान होकर मैंने उसे अपनी हर प्रकार की चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, और उससे अपने सारे रिश्ते हमेशा के लिए खत्म कर लिये हैं। आज के बाद मेरे पुत्र का मुझसे और मेरी संपत्ति से किसी प्रकार का कोई सम्बंध वास्ता और सरोकार नहीं होगा।

**शकुंतला सक्सेना पत्नी राजकुमार सक्सेना**
निवासी-म0नं0-394ए भूरारानी, तह0 रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भ्रामक खबरों पर नोडल अधिकारी रखें नजर : डीएम

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने कंट्रोल रूम, ईवीएम ट्रेनिंग रूम आदि का किया निरीक्षण



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एमबीपीजी कालेज हल्द्वानी में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने जिला नोडल अधिकारियों के साथ बैठक ली । बैठक लेते हुए उन्होंने नोडल विद्युत, पेयजल, बैरिकेडिंग, फर्नीचर, मत पत्र, वेबकास्टिंग समेत सभी नोडल अधिकारियो को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी नोडल अपने कार्यों की मॉनिटरिंग करते रहे जिससे व्यवस्था में कोई कमी न रहे। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने सभी नोडल अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। सभी नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन राज्य निर्वाचन आयोग को जाने वाली रिपोर्ट को सुबह 08 बजे तक हर हाल में नोडल कंट्रोल रूम को देने को कहा। एमबीपीजी कालेज में एक मेडिकल टीम की व्यवस्था करने के निर्देश नोडल वेलफेयर को दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने बैठक के दौरान कहा कि चुनाव का पूर्ण तरह बहिष्कार करने वाले गांव के साथ बैठक कर मतदान के लिए जागरुक करने के निर्देश नोडल अधिकारी स्वीप को दिए। उन्होंने उडनदस्ता दल (एफएसटी), वीडियो चौकसी दल (वीएसटी), वीडियो अवलोकन दल (वीवीटी) और स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) की टीम को अवैध धन, शराब/ मादक पदार्थ की तस्करी और सर्वेदनशील इलाकों में लगातार गश्त और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि आचार संहिता लगने के बाद इलेक्ट्रानिक मीडिया, समाचार पत्रों, पोर्टल में प्रकाशित चुनाव से संबंधित खबरों पर संबंधित विभाग /नोडल अधिकारियों को नजर रखने की बात कही। कहा कि संवेदनशील खबरों की जानकारी या पुष्टि के लिए नोडल अधिकारी, संबंधित अधिकारियों से वार्ता की जा सकती है। जिससे किसी प्रकार की भ्रामक खबरें मीडिया में प्रसारित न हों । इसके बाद उन्होंने एमसीएमसी, कंट्रोल रूम, शिकायत पंजीकरण, दूरभाष केंद्र, ई वी एम ट्रेनिंग रूम आदि का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही ई वी एम और वी वी पेट का प्रशिक्षण ले रहे जोनल, पीठासीन अधिकारियों से भी जानकारी ली। नोडल प्रशिक्षण ने बताया कि सोमवार को 680 अधिकारियों को दो सत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 340 अधिकारियों पहले सैद्धांतिक और 340 अधिकारियों को ईवीएम के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पी आर चौहान, नोडल अधिकारी कार्मिक अशोक पांडेय, आदर्श आचार संहिता शिव चरण द्विवेदी, विशाल मिश्रा, समेत समस्त नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रशासन ने हटाये हजारों पोस्टर, होर्डिंग, बैनर, झंडे

हल्द्वानी। आदर्श आचार संहिता की घोषणा के 48 घण्टे के भीतर जनपद के समस्त विधान सभाओं से अनाधिकृत राजनैतिक प्रचार सामग्री शतप्रतिशत हटाई जा चुकी है। नोडल अधिकारी आदर्श आचार संहिता शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रोडवेज स्टेशन, सरकारी बस, विद्युत, टेलीफोन पोल में लगे कुल 4080 स्थलों से अनाधिकृत राजनैतिक प्रचार सामग्री तथा पोस्टर, पम्पलेट, बैनर, झण्डे, होर्डिंग्स, वालपेंटिंग एवं कटआउट कुल 15140 हटाये गये। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टे के अन्दर शासकीय कार्यालय भवन, परिसर, आदि से सभी प्रकार के पोस्टर, पम्पलेट, बैनर, झण्डे, होर्डिंग्स, वालपेन्टिंग एवं कट आउट आदि हटाये जाने के अन्दर विभिन्न जन सम्पत्तियों से सभी प्रकार के अनधिकृत राजनैतिक प्रचार सामग्री 479 सरकारी भवन, परिसरों से कुल 856 पोस्टर, पम्पलेट, बैनर, झण्डे, होर्डिंग्स, वालपेन्टिंग, कटआउट हटाए गए। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता को लेकर राजनैतिक दलो को प्रचार सामग्री के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी किये हैं।

## कांग्रेस की सोच हमेशा से विकास की रही है: गौरव

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में हर वर्ग सुरक्षित रहता है कांगेस गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, दलित, शोषित, मध्यम वर्ग हर वर्ग को साथ लेकर चलती है व इन सभी को सम्मान दिलाना व इनका विकास करने की सोच हमेशा कांग्रेस की रही है। जब–जब कांग्रेस सत्ता में रही है हर वर्ग स्वंय भी अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। कांग्रेस की सोच हमेशा से विकास की रही है जबकि वर्तमान स्थिति में देश में विकास की बात तो कभी भाजपा करती ही नहीं है । विधायक प्रतिनिधि गौरव



बेहड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ किच्छा डाम क्षेत्र के नजीमाबाद ग्रामसभा के तहत विभिन्न गाँवों में क्षेत्रवासियों से जनसंपर्क किया व लोगों की समस्याओं को सुना तथा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान उन्होंने नजीमाबाद ग्राम सभा के पहाड़ी कलौनी, मत्सय कलौनी, कलकत्ता फार्म, भगवानपुर, व माता फार्म में नुक्कड़ सभाओं के मध्यम से लोगों से संपर्क किया तथा क्षेत्रवासियों की समस्याओं को भी सुना। इस दौरान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, कांग्रेस निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, गुलशन सिन्धी, बलदेव सिंह, जसविंदर माणिक्य, सुरजीत सिंह, बलवंत सिंह, रक्षपाल सिंह, विक्रम कोरंगा, अर्जुन यादव, अमरजीत सिंह, कुलविन्दर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## चुनाव प्रचार के लिए उतरी भाजपा प्रत्याशी भट्ट की पत्नी

खटीमा (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की धर्मपत्नी एडवोकेट पुष्पा भट्ट भी प्रचार के लिए उतर गयी हैं। उन्होंने आज यहां खटीमा एवं नानकमत्ता मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली एवं चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रीमती पुष्पा भट्ट का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता की आशीर्वाद से पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट 330000 वोटो से विजयी हुए थे। इस बार सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए लोकसभा चुनाव की जनता उन्हें भारी मतों से विजयी बनायें ऐसा आशीर्वाद और सहयोग लेने के लिए वह जनता के बीच में आई हैं। उन्हे पूरा विश्वास है कि जनता का प्यार एवं आशीर्वाद इस बार भी बीजेपी प्रत्याशी अजय भट्ट को मिलेगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन भट्ट, नंदन खदायात, विनीता सक्सेना, अनुपमा शर्मा, धना भण्डारी, इंद्र चंद, विमला मुंडेला, संतोष अग्रवाल मौजूद थे। लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट की धर्मपत्नी ने होटल बेस्ट व्यू में थारू होली में भी प्रतिभाग किया। भाजपा नेत्री रेनू भंडारी के नेतृत्व में आयोजित थारूवाट होली में थारू संस्कृति की होली का लोगों ने आनंद लिया। इस अवसर पर राजपाल सिंह, नवीन भट्ट, अमित पांडेय, आलोक तिवारी, सतीश गोयल, दीपक तिवारी, नीलू गुप्ता, दान सिंह, मनोज चुफाल, स्वाति मिश्रा अनीता ज्याला, हिमांशु बिष्ट, सचिन रस्तोगी, कपिल सामंत, ओमप्रकाश, रमेश ढींगरा, बॉबी ढींगरा, महेंद्र ठाकुर, गोकुल ओली, अरूण सक्सेना, रमेश जोशी, किशन किन्ना, पवन अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, सुनीता राणा, जानकी गोस्वामी, मुकेश रोहेला आदि उपस्थित थे।



